दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 26 फरवरी 2026 शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 308 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

एनसीईआरटी किताब में 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर पर सीजेआई का एक्शन, कहा- बदनाम करने की इजाजत नहीं

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एनसीईआरटी की 8वीं कक्षा की किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का चैप्टर शामिल किए जाने पर नाराजगी जताई है। सीजेआई ने कहा- किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। बुधवार को सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में यह मामला सीनियर एडवोकेट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किताब में पूर्व सीजेआई बीआर गवई का भी जिक्र

किताब में पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई का भी जिक्र है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि ज्यूडिशियरी के अंदर करप्शन और गलत कामों के मामलों का पब्लिक ट्रस्ट पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा था, 'हालांकि, इस ट्रस्ट को फिर से बनाने का रास्ता इन मुद्दों को सुलझाने के लिए उठाए गए तेज, निर्णायक और ट्रांसपेरेंट एक्शन में है... ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी डेमोक्रेटिक गुण हैं।'

■ **यह सोचा-समझा कदम लग रहा, केस खुद देखूंगा: सीजेआई**

एनसीईआरटी की किताब 23 फरवरी को जारी

एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सोशल साइंस का पार्ट 2 इसी हफ्ते जारी हुआ है। सीजेआई की टिप्पणी के बाद फिलहाल ये किताब एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। एक न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक किताबों की ऑफलाइन बिक्री भी मंगलवार 24 फरवरी से बंद कर दी गई है। हालांकि अब तक एनसीईआरटी की तरफ इसको लेकर कोई बयान नहीं आया है।

किसान की बेटी ने पास की यूपीएससी जियो-साइंटिस्ट परीक्षा, देशभर में पाया पहला स्थान

■ **हिमाचल प्रदेश की नंदिनी ठाकुर यूपीएससी परीक्षा की टॉपर**

नई दिल्ली (ए.)। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला की नंदिनी ठाकुर ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित 'कंबाइन्ड जियो साइंटिस्ट' परीक्षा 2025 में देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया। नंदिनी जियोफिजिक्स कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 पर रही। नंदिनी ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंजावर गांव की रहने वाली है। छोटे से गांव से निकली नंदिनी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है।

नंदिनी ने यह परीक्षा पहले ही प्रयास में बिना किसी कोचिंग के उत्तीर्ण की है। उन्होंने लिखित परीक्षा में 587 अंक और व्यक्तित्व परीक्षण (पर्सनलिटी टेस्ट) में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रोजाना 14 घंटे पढ़ाई करती थीं

नंदिनी ने बताया कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित करके सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मुकाम को हासिल करने के लिए नंदिनी प्रतिदिन लगभग 14 घंटे पढ़ाई करती थीं। नंदिनी ठाकुर की प्रारंभिक शिक्षा बढ़ेडा राजपूतां स्कूल से हुई। उन्होंने पंजावर के सेंट मीरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से मैट्रिक और प्लस टू की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी (फिजिक्स) में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) की डिग्री प्राप्त की।

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक सप्ताह के लिए विदेश क्या गए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सीएम की कुर्सी के लिए भाजपा में तोडफ़ोड़ की मुहिम ही छेड़ दी। उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम को आफर दिया है कि सौ विधायक लेकर उनके पास आओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। ऐसा आफर उन्होंने पहले भी एक बार दिया था तब उनके ही चार विधायक सायकल छोड़कर भाग गए थे। अब कितने सपाई भागेंगे यह आने वाला वक्त ही बेहतर बताएगा। अखिलेश यादव भले ही गाते रहें कि आ जा मेरी सायकल में बैठ जा.. लेकिन पंचर सायकल में भला कौन बैठेगा?

बजट सत्र : नक्सलवाद के अंत का संकल्प, तेज विकास और सुशासन पर मुख्यमंत्री साय का जोर

कांग्रेस भ्रष्टाचार स्पेशलिस्ट सरकार रही हमने भ्रष्टाचारियों को जेल पहुंचाया: साय

■ **बस्तर पंडुम में इस वर्ष 54 हजार कलाकारों का पंजीयन सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रमाण**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा में राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को रखते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार स्पेशलिस्ट सरकार के रूप में काम करती रही, जबकि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए कई दोषियों को जेल के पीछे पहुंचाया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, सुरक्षा और विकास के त्रिस्तरीय संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार निर्णायक लड़ाई लड़ रही है और उन्हें विश्वास है कि 31 मार्च तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

32 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

सीएम साय ने कहा कि प्रदेश में 32 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और इसे पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नया अधिनियम लाया जाएगा। नया रायपुर में 'अंतरिक्ष संगवारी' पहल शुरू की गई है तथा शासकीय कर्मचारियों को कैशलैस उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे क्षेत्र में 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य चल रहे हैं।

सोलर पैनल स्थापना पर सब्सिडी दे रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जी राम जी योजना' मनरेगा से बेहतर मॉडल है, जिसमें 100 के स्थान पर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा हाफ बिजली बिल से आगे बढ़कर मुफ्त बिजली की दिशा में जाने की है, जिसके लिए सोलर पैनल स्थापना पर सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के नए शिखर पर पहुंचाना है।

10 माह में 5 लाख पीएम आवास बने

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते 10 महीनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए गए हैं, जो देश में सर्वाधिक है। किसानों से 21 क्विंटल तक 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी गई है और शेष अंतर राशि होली से पहले किसानों को दी जाएगी। सिंचाई क्षेत्र में जहां पिछली सरकार ने 5700 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, वहीं वर्तमान सरकार ने 10700 करोड़ रुपये स्वीकृत कर किसानों को मजबूत आधार देने का काम किया है।

सीएम साय ने कांग्रेस पर किया प्रहार

- कांग्रेस सिंडिकेट ने जनता को लूटा, नक्सलवाद अब अंतिम सांस पर।
- कांग्रेस सिंडिकेट ने छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम किया। कोयला, शराब, डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) सहित विभिन्न मामलों में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ और भ्रष्टाचार के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा गया।
- हमारी सरकार ने शराब से प्राप्त राजस्व को अब जनहित के कार्यों में उपयोग करना सुनिश्चित किया है।
- राजीव मितान योजना की राशि का उपयोग केवल राहुल गांधी के कार्यक्रमों के दौरान ही दिखाई देता था।
- भ्रष्टाचार के मामलों में कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और आने वाले समय में और भी गिरफ्तारियां होंगी।
- छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद और भ्रष्टाचार दो बड़ी बाधाएं रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है।
- एक समय देश में 70 प्रतिशत से अधिक नक्सल गतिविधियां छत्तीसगढ़ में केंद्रित थीं और इसका कारण पूर्व सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति थी।

बलौदाबाजार में सड़क हादसा, ट्रक की चपेट में आने से दो आरक्षक की मौत

■ **एक आरक्षक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में सड़क हादसे में पुलिस विभाग के दो जवानों की मौत हो गई। हथबंद थाना क्षेत्र के उड़ेला-पौसरी मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। इस दौरान एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे आरक्षक की इलाज के दौरान रायपुर में मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार आरक्षक क्रमांक 377 धर्मेंद्र यादव, जो जिला बलौदाबाजार के साइबर सेल में पदस्थ थे तथा आरक्षक क्रमांक 809 प्रशांत धर दीवान, जो थाना हथबंद में तैनात थे, मंगलवार सुबह एक प्रकरण की विवेचना के सिलसिले में मोटरसाइकिल से निकले थे। सुबह लगभग 11 बजे वे हथबंद क्षेत्र के उड़ेला-पौसरी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों जवान सड़क पर दूर जा गिरे।

एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम: हादसे में आरक्षक धर्मेंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। गंभीर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दोनों आरक्षक बेमेतरा जिले के निवासी थे

गौरतलब है कि आरक्षक धर्मेंद्र यादव बेमेतरा जिले के ग्राम परसबोड़, थाना साजा के निवासी थे। वहीं आरक्षक प्रशांत धर दीवान बेमेतरा जिले के नवागढ़ क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों ही अपने परिवार के मुख्य सहारा थे। पुलिस ने ट्रक चालक और वाहन की जानकारी जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह अत्यंत पीड़ादायक और मार्मिक घटना है। विवेचना के दौरान निकले हमारी यूनिट के दो आरक्षकों की ट्रक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। विभाग मृत जवानों के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

– **भावना गुप्ता,** एसपी, बलौदाबाजार

न्यूज गैलरी

रायपुर के जयस्तंभ चौक से नहीं निकलेगा जुलूस

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर ने बड़ा फैसला लिया है। शहर के जयस्तंभ चौक में किसी भी तरह का जुलूस और शोभायात्रा नहीं निकलेगा। इस इलाके को आयोजन और प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है। फिलहाल, यह प्रतिबंध 2 महीने के लिए लगाया गया है। इस आदेश के बाद सिंधी समाज में बड़ी नाराजगी है।

दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई के वकील पर फायरिंग

नई दिल्ली (ए.)। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के वकील की कार पर फायरिंग हुई है। दिल्ली के आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास अज्ञात बदमाशों ने कार पर फायरिंग की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. अभी तक किसी भी गैंग ने हमले की जिम्मेदारी भी नहीं ली है।

एसीबी ने एसआई को 25 हजार रिश्वत लेते पकड़ा, फंसाने की दे रहा था धमकी

■ **मर्डर केस में आरोपी बनाने की दे रहा था धमकी, 50 हजार मांगी थी रिश्वत**

कोरिया/सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में एक (स्ढ्ढ) सब इंस्पेक्टर 25 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ाया है। पोड़ी चौकी में पदस्थ एसआई अब्दुल मुनाफ और एएसआई गुरु प्रसाद यादव ने मर्डर केस में फंसाने की धमकी दी और इससे बचाने के लिए गांव के ही एक किसान से रिश्वत मांगी थी। मामला पोड़ी चौकी थाना क्षेत्र का है। 21 फरवरी को किसान ने एसीबी में इसकी शिकायत कर दी। किसान जब चौकी में पैसे देने पहुंचा तो टीम ने एसआई अब्दुल को पैसे लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी की कार्रवाई का वीडियो सामने आया है। जिसमें पुलिसकर्मी ने अपने बचाव में पैसा मांगने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

रायपुर। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक नवप्रदेश के प्रधान कार्यालय में वन मंत्री केदार कश्यप का आगमन हुआ। प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री कश्यप ने मीडिया के कामकाज को करीबी से देखा और उनकी जानकारी भी ली।

पीलिया का कहर: दूषित पेयजल पीने से बालक समेत दो की मौत, कांग्रेसियों ने घेरा निगम दफ्तर

■ **जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा ट्रिपल इंजन सरकार की जिम्मेदारी: टीएस सिंहदेव**

सरगुजा/नवप्रदेश। गर्मी की आहट के साथ ही अंबिकापुर शहर में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। नमनाकला खटिकपारा में 13 वर्षीय बालक दिव्यांश राय की पीलिया से मौत के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इससे पहले 22 फरवरी को झंझटपारा नवापारा निवासी 40 वर्षीय सोना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रिपल इंजन सरकार की ज़िम्मेदारी

ट्रिपल इंजन सरकार की ज़िम्मेदारी बनती है कि वह जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करे। दुर्भाग्य से लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है- न रोकथाम की ठोस व्यवस्था है, न समय पर इलाज की समुचित पहुंच। जवाबदेही तय हो और गैर-ज़िम्मेदार लोगों पर तत्काल कार्रवाई हो। लोगों की जान ऐसी बीमारी से नहीं जानी चाहिए।

– **टीएस सिंहदेव,** पूर्व डिप्टी सीएम, छत्तीसगढ़

गरमा-गरम

ऑपरेशन सिंदूर पर डोनाल्ड ट्रंप के नये दावे से मचा कोहराम, भारत-पाक परमाणु युद्ध को रुकवाया

मारे जाते पाकिस्तानी पीएम शरीफ, मैंने बचाई जान: ट्रंप

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान युद्ध को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप का ये बयान सामने आने के बाद विश्व की राजनीति में कोहराम मच गया है।

एक बार फिर दोनों देशों का युद्ध रुकवाने का दावा करते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं न होता तो आज पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ जिंदा न होते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाक प्रधानमंत्री को मारने का पूरा प्लान तैयार कर लिया था। ट्रंप ने कहा है कि अगर मैंने युद्ध में दखल न दिया होता तो पाकिस्तान प्रधानमंत्री मारे जाते। ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए हस्तक्षेप करके उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को मरने से बचाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि शरीफ ने उनसे कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने के लिए मैंने यदि दखल नहीं दिया होता तो पाकिस्तान में 3.5 करोड़ लोग मारे गए होते।' उन्होंने कहा, 'अपने पहले 10 महीनों में मैंने आठ युद्ध रुकवाए...पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु युद्ध शुरू हो गया होता। लोगों का कहना है कि मैंने दखल नहीं दिया होता तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मौत हो चुकी होती। ट्रंप का यह बयान भारत के खिलाफ मई 2025 में चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के बैकफुट पर होने का स्पष्ट संकेत देता है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, 'अपने पहले 10 महीनों में, कंबोडिया और थाईलैंड समेत मैंने आठ युद्ध रुकवाए। ये मजाक नहीं है। पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कई बार कर चुके युद्ध रुकवाने का दावा

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सौ बार से ज्यादा बार भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने का दावा कर चुके हैं। आज के संसद में दिए भाषण से ठीक पहले गुरुवार (19 फरवरी 2026) को भी उन्होंने कहा था कि उन्होंने पिछली गर्मियों में भारत और पाकिस्तान पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर उन्होंने लड़ाई नहीं रोकी और इस दावे को दोहराया कि उन्होंने दो न्यूक्लियर हथियारों वाले पड़ोसियों के बीच युद्ध रोक दिया है।

बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, साइबर टीम ने की जांच

■ **ई-मेल में कैंपस को निशाना बनाने का जिक्र, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। सुबह इस मैसेज में हाईकोर्ट परिसर को निशाना बनाने की बात लिखी गई थी। जिसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई।

सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह खुद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में लिया गया। एंट्री-एग्जिट पर सख्ती बढ़ा दी गई है। हर गतिविधि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश के कई कोर्ट को मिल चुकी धमकियां

पिछले कुछ महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों को इसी तरह के धमकी भरे ई-मेल मिलते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई जिलों में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। जिनमें व्यापक जांच और सर्च ऑपरेशन चलाए गए, लेकिन भेजने वालों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई।

अमरपुर में होली की शुरुआत, अनहोनी से बचने सप्ताहभर पहले मना लेते हैं रंगों का त्योहार

कोरिया जिले के अमरपुर ग्राम पंचायत की अलग ही परंपरा

बैकुण्ठपुर /नवप्रदेश। होली हिन्दू परम्पराओ का सबसे बडा त्यौहार माना जाता है और यही एक परम्परा है जो पूरे देश को बुराई पर अच्छाई की जीत होने का सन्देश देता है किन्तु होली को लेकर कोरिया जिले में एक अनोखी परम्परा बर्षो से चली आ रही है, जिसका पौराणिक आधार पूरे देश से भिन्न है। किसी भी अनहोनी से बचने यहां रंगों का पर्व काफी वर्षों से मुख्य त्यौहार की तिथि से सात दिन पहले मनाने की परंपरा चली आ रही। यहां उल्लास और उत्साह से पूरे ग्रामवासियों ने त्योहार धूम धाम से मनाया। वहीं होली के दिन पुनः यह त्योहार फिर दुबारा नही मनाया जायेगा।

जिस तरह पुरे देश की बोलियों में भिन्नता है उसी तरह उत्सव को मनाने का तरीका भी बेहद अलग देखा जा सकता है जो कि कोरिया जिले में पूर्व के कई वर्षों से देखा जा रहा है। जहा ग्रामीण पूर्वजो की परम्परा को आधार मानते हुए कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकास खंड के अमरपुर ग्राम पंचायत में पुरे देश की होली के तिथि के सात दिन पहले ही होली खेली जाती है सच यही है ...ग्रामीणों की माने तो कोई भी त्यौहार समय से ठीक हप्ते भर पहले नही मनाया जाता है तो इस गावं में कोई न कोई अनहोनी होती है जो गावं के किसी भी परिवार के यहाँ हो सकती है..हालांकि यह मान्यता गावं वालों की हो सकती है पर फिर भी आज के दौर में लोगो को यह सब बातें फिजूल ही लगती है ...भारतीय कैलेण्डर के हिसाब से भले ही होली का त्यौहार आगामी चार मार्च को हैं परन्तु इनके गावं में इस त्यौहार को परमपरागत तरीके से हप्ते भर पहले मनाने का रीवाज है जो आज कई वर्षों से अनवरत चला आ रहा है... इस त्यौहार को समय से पहले मनाने का जो रीवाज है इन गावो वालो को ये तो नही पता की ऐसा कब से होता आ रहा है पर हाँ इन्हें ये जरूर पता है की इनके गावों में होली सात दिन पहले मनाया जाता है। होली हमारे देश का एक परंपरागत त्यौहार है जो उल्लास से मनाया जाता रहा यह अलग बात है कि इसे मनाने का ढंग अब लोगों का अलग अलग हो गया है, पर इस गाव में होली के त्यौहार को समय से पहले मनाने की इस प्रथा को आप अंधविश्वास तो कह सकते हैं पर ऐसा करने के पीछे जो कारण यहाँ के ग्रामीण मानते हैं वह और भी आश्चर्य करने वाली बात लगती है।

इतिहास में घटी घटना का चलन ही परम्पराओ को जन्म देता है और यहाँ की हप्ते भर पूर्व होली मनाने की परंपरा भी इसी बात की ओर संकेत दिखाती है अब चाहे कोई इसे अंधविश्वास कहे या पागलपन पर यही है बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत के ग्राम अमरपुर व सोनहत ब्लाक के ग्राम तंजारा वालो की परम्परा।

वही दिवाली को छोड़कर बाकी सभी त्यौहार निर्धारित तिथी से पहले ही मनाया जाता है वही जब ग्रामीणों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि ये कब से मनाया जा रहा ये तो हमे नही पता किन्तु जो हमारे ग्राम में परंपरा चली आ रही है उसी के हिसाब से पूरे ग्राम वासी केवल दिवाली के त्यौहार को छोड़कर अन्य सभी पर्व निर्धारित तिथि से पूर्व मनाते है व क्लेंडर के अनुसार फिर दुबारा निर्धारित तिथि को इस त्यौहार को कोई नही मनाता जिस कारण आज होली खेली जा रही हैं वही कलेंडर के अनुसार होली के दिन पूरे ग्राम में सन्नाटा रहता है क्यो की इस दिन यहा के स्थानीय ग्रामीण अपने रिस्तेदारो के यहा जाकर फिर होली का आनंद उठाते हैं किंतु अपने ग्राम पर होली नही खेलते। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस ,ग्राम स्तर पर पूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुसार ही यहा के निवासी होली का पर्व हप्ते भर पूर्व ही मना लेते है फिर दुबारा इस त्यौहार को नही मनाते ग्राम वासियो का ऐसा मानना है कि यदि निर्धारित तिथि को ऐसा किया जायेगा तो ग्राम पे ग्राम देवता नाराज हो जायेंगे जिससे ग्राम में कोई अनहोनी हो जाती है इस कारण यहा त्यौहार समय से पूर्व मना लिया जाता है कब से मनाया जा रहा इस संबंध में जानकारी नही है।

न्यूज गैलरी

सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

उतई/नवप्रदेश। ग्राम धनोरा के वार्ड क्रमांक 15 में 15वे वृत पंचायत निधि से सी.सी.रोड निर्माण का भुमि पूजन नारियल तोड़कर किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से ग्राम धनोरा सरपंच रूलेश्वरी चंद्राशेखर बंजारे, मनेश कुमार साहू ,वार्ड पंच रामप्यारी ठाकुर,पंच चेतन साहू, मोती राम साहू, रेखा टंडन सीमा मधुकर ,सुशीला घृतलहरे,उमाबाई घुरवे, रामलाल देवागन,बी.आर.शरवण, लोकेंद्र ,के.पी. साहू एवंम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन

धरसीवां। आदि देव भोलेनाथ की कृपा से धर्म नगरी नगर पंचायत कूंरा में जय हिन्द गणेश दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रथम बार शिव

पुराण कथा का भव्य आयोजन 24 फरवरी से दो मार्च तक किया जा रहा है कथा के प्रथम दिवस पर नगर के माता बहनों द्वारा कलशयात्रा निकाली गई जिसमें नगर के युवा वर्ग भी बड़े उत्साह से भाग लिए सात दिन तक चलने वाले इस आयोजन में अंचल के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा सगुनी वाले महराज द्वारा दोपहर तीन बजे से कथा का संगीत मय वाचन करेंगे। इस कार्यक्रम के संबंध में पार्षद प्रतिनिधि श्री योगेश कुमार साहू श्री प्रहलाद जी अग्रवाल एवं वरिष्ठ जनों ने बताया कि इस आयोजन में समस्त शिव भक्तों ने अपना सहयोग प्रदान किया है।

महापौर ने बाबूटोला, पुराना ढाबा और नया ढाबा में पैदल भ्रमण किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुबह वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव शहर के शीर्ष वार्ड बाबूटोला, पुराना ढाबा एवं नया ढाबा मे पैदल भ्रमण कर वार्डवासियो से पानी सफाई के साथ साथ वार्ड विकास के संबंध में चर्चा किए। बाबूटोला में पानी की समस्या पर महापौर श्री यादव ने बोर में पंप लगाकर टंकी से पानी सप्लाई के लिए कार्यवाही करने जल विभाग के अधिकारी को निर्देशित किये। इसी प्रकार बंद आंगनबाडी को मरम्मत कर चालू कराने कहा। इसी प्रकार नया ढाबा, पुराना ढाबा भ्रमण के दौरान नया ढाबा में पानी की समस्या को देखते हुए तीन जगह बोरिंग में सबमर्सिबल व टंकी लगाने तथा पुराना ढाबा में जहां-जहां पानी नहीं आ रहा है उन जगहों पर निरीक्षण कर पानी सप्लाई करने इंटर कनेक्शन करने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव विकास कार्य के तहत ढाबा में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने तथा स्वीकृत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

प्रगतिशील एवं विकासपूरक बजटसे छत्तीसगढ़ बनेगा समृद्ध : मधुसूदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। किसी भी राष्ट्र, प्रदेश, जिला अथवा गॉव की प्रगति का मापदण्ड सिर्फशिक्षा एवं स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधा होती है,

इसी पैमाने पर खरा उतरते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिये एक तरफ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की अभूतपूर्व संभावनाऍ व योजनाऍ बजट में प्रस्तुत की हैं, दूसरी तरफसंकल्प थीम पर आधारित इस बजट में संतुलित क्षेत्रिय समाजिक आर्थिक विकास हेतु समावेशी विकास की नीति, अधोसंरचना विकास, वित्तीय निवेश आकृष्ट करने हेतु इकोसिस्टम बनाना, कुशल मानव संसाधन प्रबंधन, अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को प्राथमिकता, जीविकोपार्जन हेतु अवसर निर्माण एवं नीति निर्धारण से परिणाम प्राप्ति पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने बजट की प्रशंसा की है। महापौर ने बजट को प्रगतिशील एवं विकासपूरक बताते हुए कहा है कि इस बजट से प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल बनेगा।

बजट की चमक सिर्फ आंकड़ों में : हर्षिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेश किए गए 2026-27 के बजट पर कांग्रेस के युवा नेता हर्षिल भेलावे ने कड़ी प्रतिक्रिया

दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के भविष्य पर ब्रेक लगाने वाला और केवल आंकड़ों की चमक दिखाने वाला है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और शिक्षा सुधार की बातें केवल कागज पर हैं। फार्म भरते-भरते युवा थक चुके हैं, परीक्षाएं टल रही हैं और नियुक्तियां अभी तक अटकी हुई हैं। हर्षिल ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में 25 करोड़ में 25 नए कॉलेज खोलने की योजना केवल कागज की घोषणा है। पुराने कॉलेजों के जर्जर भवन और शिक्षकों की कमी बनी हुई है। प्राइमरी स्कूलों और कॉलेजों की स्थिति दयनीय है, जबकि नए कॉलेजों की सिर्फघोषणा की गई है। यह सीधे तौर पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

युवा कांग्रेस के शर्टलैस प्रदर्शन को शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी बताया

भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन जमकर नारेबाजी कर किया पुतला दहन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गरियाबंद की जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा के नेतृत्व में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए शर्टलैस प्रदर्शन के विरोध में तिरंगा चौक में जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई। इसके बाद भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का पुतला फूंका। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कृत्य को शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी बताया है। भाजपा महिला मोर्चा ने इसे अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची समझी साजिश का हिस्सा बताया है।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, शिवांगी चतुर्वेदी, महामंत्री भारती साहू ,भारती साहू,रेणुका साहू,पुष्पा साहू,मधु देवांगन, अनीता यादव, सुहाग पड़े ,माही यादव, ममता यादव, स्निग्ध शर्मा, प्रगति देवांगन, जमुना गजभिए, प्रियंका सोनी, अनीता नायक, मंजरी गुप्ता, पुष्पा यादव, खूबसूरती नेताम, हनीता नायक, अर्चना उपाध्याय, केसर ठाकुर, तारणी सेन, रुक्मणी सिंह, दीपिका देवदास, स्मृता तिवारी, दुलारी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

राजस्व वसूली अभियान में कड़ाई, दो बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटे

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पिथौरा द्वारा नगरीय निकाय की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने एवं लंबित करों की शत-प्रतिशत वसूली हेतु विशेष 'राजस्व वसूली अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर निकाय की टीम ने वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 में घर-घर संपर्क कर नागरिकों से बकाया कर भुगतान की अपील की।

अभियान की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरजू राम सोनबेर स्वयं फील्ड पर उतरे। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा कर करदाताओं से सीधे संवाद किया और उन्हें समय पर कर भुगतान के महत्व से अवगत कराया। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि निकाय द्वारा प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए करों का भुगतान अनिवार्य है।

वसूली अभियान के दौरान प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो बड़े बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की और उनके नल कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए। सीएमओ बिरझू राम सोनबेर ने बताया अभियान के दौरान आज लगभग 70,000 रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया। इस कार्यवाही के दौरान नगर पंचायत का अमला मुस्तैद रहा, जिसमें मुख्य रूप से सहायक ग्रेड-2 शुक्ला, धरमु राम सिन्हा, रुपलाल सिन्हा, नेम पटेल नितिन सिंह, नीता डाडसेना एवं मोहन लाल प्रजापति सहित अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

चिकित्सा प्रकोष्ठ की ऐतिहासिक पहल

स्वास्थ्य मंत्री से गरियाबंद जिला अस्पताल को 100 बिस्तर करने और आईसीयू की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति, प्रदेश पदाधिकारी संभाग पदाधिकारी एवं जिला संयोजकों की घोषणा के बाद संगठन ने जनस्वास्थ्य को लेकर सक्रियता दिखाते हुए प्रदेश स्तर पर सशक्त पहल की है। डॉण् देवेंद्र कश्यप प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में संपूर्ण टीम ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंत्री ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की नवगठित टीम को नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की यह टीम प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में सेतु की भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। भेंट के दौरान गरियाबंद जिला अस्पताल के समग्र विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के मरीज जिला अस्पताल पर निर्भर हैंए किंतु वर्तमान 50 बिस्तरों की क्षमता क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। इस पर अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने की जोरदार मांग रखी गईए ताकि मरीजों को समय पर भर्ती और समुचित उपचार मिल सके। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु इमरजेंसी केयर आईसीयू ;म्उमतहमदबल ब्ंतम प्ब्न्द्ध की स्थापना का विषय भी विस्तार से रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने तर्क दिया कि आईसीयू सुविधा उपलब्ध होने से गंभीर दुर्घटनाए हृदय रोगए संक्रमण और अन्य जटिल मामलों में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा और उन्हें रायपुर अथवा अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की मजबूरी कम होगी। मंत्री श्री जायसवाल ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से मरीजों के परिजनों के लिए रियायती दर पर कैंटीन सुविधा एवं सुलभ शौचालय व्यवस्था के त्वरित निराकरण की बात कही।

46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबाल कोलकाता में छत्तीसगढ़ की एंट्री

छोटे शहर का बड़ा कमाल, क्रितेश कश्यप दूसरी बार राष्ट्रीय वॉलीबाल टीम में चयनित

■ **गरियाबंद की खेल प्रतिभा का फिर बजा डंका**

गरियाबंद/नवप्रदेश। 46वीं सब जूनियर नेशनल बालक एवं बालिका वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 23 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक पश्चिम बंगाल के हुगली में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर-16 टीम कोलकाता वेस्ट बंगाल के लिए रवाना हो चुकी है।

इस दल में गरियाबंद जिले के उभरते खिलाड़ी क्रितेश कुमार कश्यप कृष्णाद्ध का चयन एक बार फिर हुआ है। यह उनका दूसरा नेशनल टूर्नामेंट हैए जो उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासन का प्रमाण है। खेलो इंडिया कान्हा क्लब से जुड़े कृष्णा लगातार जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

मार्गदर्शन और समर्थन से मिली उड़ानः क्रितेश कश्यप ने इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ाए सचिव हेमप्रकाश नायकए पूर्व राष्ट्रीय सचिव अकरम खानए कोच कौशल वर्मा तथा गरियाबंद जिला वॉलीबाल फेडरेशन के सचिव हरमेश चावड़ा और कोच जीडी उपासने को दिया। उन्होंने कहा कि श्वरिष्ठ पदाधिकारियों और कोचों के मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। लगातार अभ्यासए अनुशासन और सही दिशा.निर्देशन ने मुझे यहां तक पहुंचाया है। कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने ने क्रितेश कश्यप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के खेल संस्कार और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कृष्णा शुरू से ही अनुशासित, समर्पित और लक्ष्य के प्रति स्पष्ट सोच रखने वाला खिलाड़ी रहा है।

जिले के लिए गौरव का क्षण. हरमेश चावड़ा

जिला वॉलीबाल फेडरेशन के सचिव हरमेश चावड़ा ने कहा कि कृष्णा जैसे होनहार खिलाड़ी गरियाबंद की खेल प्रतिभा का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि जिले से लगातार प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं जो यह दर्शाता है कि ग्रामीण और छोटे शहरों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

ग्रामीण-शहरी संतुलन पर फोकस : बजट में विकास की दोहरी रफ्तार : भाजपा

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने विधानसभा में अपना तीसरा बजट पेश किया, जिसमें विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास और आमजन को राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गरियाबंद भाजपा ने इस बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर जोर दिया गया है। सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की है।

गरियाबंद भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट को सर्व वर्ग स्पर्शी और संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। कहा कि यह बजट न केवल आर्थिक प्रबंधन का दस्तावेज है, बल्कि

समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई व्यापक विकास योजना के रूप में सामने आया है। बजट में किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए कृषि क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता तथा कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के प्रावधान किए गए हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संकेत मिलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार योजनाओं, स्व-सहायता समूहों के विस्तार, पोषण अभियान तथा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी भागीदारी को और सशक्त करना है।

युवाओं और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने वाला बजट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर मंत्री और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के सदस्य छात्र नेता अमितेश झा ने बताया कि बजट में छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए विशेष तौर पर ध्यान रखकर वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट पेश करते ही युवाओं और छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए प्रमुख प्रावधान इस प्रकार है 731 करोड़ राज्य के विश्वविद्यालय को अनुदान 100 करोड़ स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना महत्वर्ण है।

25 करोड़ में 25 कॉलेज, छत्तीसगढ़ सरकार का बजट युवाओं के भविष्य के साथ भद्दा मजाक : शुभम शुक्ला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव आई टी सेल लोकसभा अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने विज्ञप्ति जारी कर कल विधानसभा में पेश किए गए छत्तीसगढ़ सरकार के बजट पूरी तरह से दिशाहीन और प्रदेश के युवाओं को ठगने वाला है बताया है सरकार शिक्षा और उच्च शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं है

शिक्षा का अपमान बजट में 25 करोड़ रुपये की लागत से 25 नए कॉलेज खोलने का प्रावधान किया गया है यह गणित समझ से परे है क्या सरकार 1 करोड़ रुपये में एक कॉलेज की बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी और फर्नीचर तैयार कर लेगी यह केवल कागजी घोषणा है।

क्वालिटी से समझौताः आज के दौर में जहां एक अच्छी प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग बनाने में करोड़ों लग जाते हैं, वहां एक कॉलेज के लिए मात्र 1 करोड़ आवंटित करना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है

पुराने कॉलेजों की अनदेखीः नए कॉलेज की घोषणा करने वाली सरकार ने पुराने कॉलेजों के जर्जर भवनों और शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए कोई ठोस ठोस कदम नहीं उठाया है।

‘ऑपरेशन गोल्ड’ टीम का कमाल, सराफा एसोसिएशन ने सम्मान कर जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिछले दिनों राजकिशोरनगर स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना और कुछ दिनों बाद सीपत में हुई घटना को मद्देनजर रखते हुए आज एसएसपी रजनेश सिंह ने सराफा व्यापारियों के साथ बैठक लिया। इस बैठक में एसएसपी ने व्यापारियों को सुरक्षा संबंधित पैमाने बताए। बैठक के पहले सराफा एसोसिएशन ने महालक्ष्मी ज्वेलर्स के अंतरजातीय गिरोह को 24 घंटे के भीतर पकड़ने पर ऑपरेशन गोल्ड में शामिल 11 सदस्यीय टीम का सम्मान किया गया। इसके साथ ही साइबर एक्सपर्ट, डॉग स्क्वाड टीम भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के शुरुआत में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बिलासपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के सबसे बड़े लूट की घटना के आरोपी बिलासपुर पुलिस के कड़ी मेहनत से 24 घंटे के अंदर गिरफ्त में आ गए। इसके लिए बिलासपुर पुलिस को जितना धन्यवाद दिया जाए व कम है। श्री सोनी ने बताया कि लूट का सामान भी सुरक्षित बरामद कर दिया गया है। घायल और पीड़ित संतोष तिवारी भी अब पहले से बेहतर हैं। उनकी बहादुरी की जितनी सराहना की जाए वह कम है। इतने जोटिल होने के बाद भी उन्होंने घटना की जानकारी दी। यह बड़ी बात है।

एसएसपी के निर्देशों का होगा पालन

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि आज की बैठक के पहले एसोसिएशन की तरफ से ऑपरेशन गोल्ड में शामिल समस्त टीम का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही बैठक में एसएसपी के बताए निर्देश पर सराफा व्यापारी अमल करेंगे।

आम जनता भी पुलिस का हिस्सा: आईजी

आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर सबसे पहले घटना को समझने के बाद एडिशनल एसपी पंकज पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह सहित पूरी टीम एलर्ट रहते हुए अपराधियों तक पहुंचने की तैयारी शुरु कर दी। टीम की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि 24 घंटे के अंदर गिरोह पकड़ा गया और सामान भी सुरक्षित बरामद हुआ। यूपी पुलिस का सहयोग भी मिला। आईजी ने कहा कि आम जनता भी पुलिस का हिस्सा है। सभी को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझनी होगी।

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि आज के बैठक में सराफा व्यापारियों को सुरक्षा के मापदंड से अवगत कराया गया है। जिले में कुछ दिनों पहले हुई लूट की घटना चैलेंजिंग थी, लेकिन टीम के सहयोग से अपराधी पकड़े गए हैं। आगे इस तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए सराफा व्यापारियों को विशेष दिशा निर्देश देकर उसका पालन करने करने के लिए कहा गया है।

व्यापारियों को सुरक्षा मापदंड की मिली जानकारी

न्यूज गैलरी

बजट निराशजनक: कौशिक

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक का कहना है की बजट में गरीब, मजदूर, बेरोजगार, मध्य वर्ग, किसान, गांव के लिए व इनके मुलभुत सुविधाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है।

जनअपेक्षाओं के विपरीत बजट: गीतांजलि कौशिक

बिल्हा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा के अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने कहा बजट में जो घोषणा की गई है उसमें आमजनों की उपेक्षा की गई है साथ ही महंगाई एवं बेरोजगारी नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

बजट गरीब, मजदूर व कर्मचारी के साथ धोखा: रविंद्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद रविंद्र सिंह ने छतीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा पेश किये हुये बजट को गांव गरीब मजदूर महिला कर्मचारी व वृद्ध जनों के साथ धोखा बताया है। इस बजट में युवा व किसानों के हित के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। ना हीं महंगाई में लगाम लगाने का भी कोई प्रयास किया गया। बेरोजगारों के उत्थान के लिए भी कोई कदम नहीं उठाया गया।

भायुमो ने दी मिश्रा को संगठन की महत्वपूर्ण जवाबदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन एवं बिलासपुर शहर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वैभव गुप्ता एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष साहिल कश्यप के सहयोग से अरुज मिश्रा को युवा मोर्चा दक्षिण मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सक्रिय सिपाही के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने बूथ स्तर से लेकर संगठन की मजबूती तक अपना अमूल्य योगदान दिया संघर्ष सेवा और समर्पण की इसी यात्रा का परिणाम है कि आज संगठन ने उनके अनुभव और ईमानदारी पर भरोसा जताया है।

‘दुर्दशा मुक्ति युग क्रान्ति एवं विश्वशान्ति विजय आन्दोलन’ का भव्य शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व भारती युग जागृति युग क्रान्ति कल्क हर्मेस राज अनिमेष वासुदेव अवतार शक्ति राज कीर्ति धर्म संस्कृति मंच (मेदिनीपुर, बंगाल) की जिला इकाई बिलासपुर द्वारा मानवता के कल्याण हेतु एक विशाल आध्यात्मिक एवं सामाजिक अभियान का शंखनाद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विख्यात भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस की सन् 1555 की भविष्यवाणियों के अनुरूप, युग प्रवर्तक ‘कल्क हर्मेस राज अनिमेष वासुदेव अवतार’ की अनुशंसा पर 18 फरवरी से विश्वव्यापी स्तर पर ‘दुर्दशा मुक्ति युग क्रान्ति एवं विश्वशान्ति विजय आन्दोलन’ का भव्य शुभारंभ हो चुका है। इस वृहद अभियान के अंतर्गत कुल 75 लघु अभियानों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

रॉयल स्वीट्स, औरा होटल और ग्लोरी भी शामिल

होली से पहले बिलासपुर में मिठाई खोवा व पनीर के 9 सैंपल फेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली त्योहार से पहले फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने होटलों और रेस्टोरेंट से खाने की चीजों के सैंपल लिए। 9 संस्थानों के सैंपल्स में गंभीर खामियां पाई गईं। इनमें से 2 जगह के खाद्य पदार्थ पूरी तरह अनसेफ यानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाए गए। जिसमें केक वॉकर का केक और खोवा मंडी के जय श्री राम खोवा दुकान का खोवा शामिल हैं।

वहीं, 7 जगहों के खाद्य पदार्थ अमानक मिले। इसमें प्रतिष्ठित रॉयल स्वीट्स, औरा होटल व ग्लोरी ढाबा का नाम प्रमुख हैं। इनका सैंपल पिछले साल रक्षाबंधन और दिवाली में लिया गया था, जिसकी रिपोर्ट अभी आई है। राहत की बात यह है कि अधिकांश होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों के सैंपल गुणवत्ता के मानकों पर खरे उतरे हैं। अफसरों ने बताया कि, विभाग की कार्रवाई के बाद ग्लोरी ढाबा पर कोर्ट से 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। बाकी मामलों में आगे की वैधानिक प्रक्रिया जारी है। जिन संस्थानों के सैंपल में खामियां पाई गई है। उनके खिलाफ भी जुर्माना और वैधानिक की कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा प्रकरण: डीओ

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला अधिकारी आरआर देवांगन ने बताया कि, सभी मामलों की विवेचना कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्रकरणों को आगे की सुनवाई के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। विभाग लगातार जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई कर रहा है। उपभोक्ताओं से अपील है कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक रंगीन, चमकीले और अस्वाभाविक रूप से आकर्षक दिखने वाले खाद्य पदार्थों से बचें। यदि कहीं मिलावट की आशंका हो तो तत्काल विभाग को सूचना दें। साथ ही खाद्य सामग्री को लंबे समय तक स्टोर कर उपयोग करने से बचें।

कलकत्ता स्वीट्स से बेसन लड्डू और सेव भुंजिया का लिया सैंपल

होली के नजदीक आते ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का अमला फिर से सक्रिय हो गया है। मंगलवार को सरकंडा के अशोक नगर चौक स्थित कलकत्ता स्वीट्स में खाद्य विभाग की टीम पहुंची।वहां से बेसन लड्डू और सेव भुजिया के सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। इन सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

‘केक वॉकर’ का केक निकला अनसेफ

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने रिंग रोड-2 स्थित केक वॉकर से केक का सैंपल लिया था। जिसके जांच में केक का सैंपल अनसेफ पाया गया। यह खाद्य सुरक्षा मानकों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरा और इस्तेमाल के योग्य नहीं माना गया। मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है। दोष सिद्ध होने पर संस्थान पर बड़ा आर्थिक दंड और अन्य वैधानिक कार्रवाई हो सकती है।

इन प्रतिष्ठानों के सैंपल अमानक

रॉयल स्वीट्स, राजेंद्र नगर- लूज बेसन पात्रा: अमानक
औरा लक्जरी होटल एडं क्लब, रायपुर रोड - लूज पनीर: अमानक
ग्लोरी ढाबा, रतनपुर- लूज पनीर: अमानक, 25 हजार का लगा जुर्माना
जय सियाराम खोवा, खोवा मंडी- लूज खोवा: अमानक
परदेशी होटल, कोटा- खुला सफेद पेड़ा: अमानक
सिमरन दाल मिल, सिरगिट्टी- लूज उड़द दाल: अमानक
केपी प्रोडक्ट्स, तिफरा- खाद्य तेल: अमानक

बजट जनभावनाओं से दूर, छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय का दस्तावेज: उपसचेतक लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनियुक्त उपसचेतक दिलीप लहरिया ने भाजपा सरकार द्वारा 24 फरवरी 2026 को प्रस्तुत राज्य बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनता की उम्मीदों के विपरीत और जमीनी हकीकत से दूर बजट’ करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट छत्तीसगढ़ के किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों और गरीब वर्ग के साथ न्याय करने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास के बजाय केवल औपचारिक घोषणाओं तक सीमित नजर आता है। किसानों को केवल आश्वासन, आय बढ़ाने का ठोस रोडमैप नहीं : उपसचेतक लहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, लेकिन बजट में किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए कोई ठोस और प्रभावी योजना नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि सिंचाई विस्तार, फसल सुरक्षा और कृषि आधारित रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बजट में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई है। किसान आज भी अपनी उपज का उचित मूल्य, सिंचाई और आर्थिक सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन बजट में उनकी समस्याओं का ठोस समाधान नजर नहीं आता। युवाओं के भविष्य को लेकर बजट में स्पष्ट दृष्टि का अभाव : लहरिया ने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार और अवसरों की उम्मीद कर रहा था, लेकिन बजट में रोजगार सृजन, सरकारी भर्ती और कौशल विकास को लेकर कोई ठोस और प्रभावी पहल नहीं दिखाई दी।

महिलाओं और कमजोर वर्गों के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए बजट में ठोस और व्यापक योजनाओं का अभाव है। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी गई है। भाजपा सरकार का यह बजट सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना को मजबूत करने में असफल रहा है।

जिला चिकित्सालय में मरीजों से अवैध वसूली का आरोप, दो स्टाफ नर्स निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलासपुर जिला चिकित्सालय में कार्यरत दो स्टाफ नर्सों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन पर अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से दवाइयों, ग्लव्स और फॉर्म जमा करने के नाम पर अवैध रूप से पैसों की मांग करने का गंभीर आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार, जिला हॉस्पिटल में कार्यरत लक्ष्मी वर्मा और संजू चौरसिया (दोनों स्टाफ नर्स) के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वे प्रसव हितग्राहियों से विभिन्न कार्यों के बदले पैसों की मांग कर रही थीं। इस पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में सामने आया था, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट और वीडियो साक्ष्यों की जांच के बाद, संभागीय संयुक्त संचालक (स्वास्थ्य सेवायें) ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण एवं वर्गीकरण) नियम 1965 के विपरीत माना।

आदेश के मुख्य बिंदु

निलंबन: दोनों स्टाफ नर्सों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
मुख्यालय: निलंबन की अवधि के दौरान इनका मुख्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय, बिलासपुर निर्धारित किया गया है।
प्रतिबंध: सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगी
भत्ता: नियमानुसार उन्हें निलंबन अवधि के दौरान जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।
यह आदेश संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, बिलासपुर संभाग द्वारा आज 25 फरवरी को जारी किया गया है। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

नशीली पदार्थों की अवैध बिक्री, कौशिक ने विस में उठाए सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधायक अजय चंद्रकार के साथ मिलकर बजट सत्र के तीसरे दिन ध्यानाकर्षण के माध्यम से नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर सदन में सवाल उठाया श्री कौशिक ने सवाल करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी नशे की बिक्री हो रही है और युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। उन्होंने सरकार से नशा मुक्ति के प्रावधानों के विस्तार और सख्त कानून लागू करने की मांग की। इस पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। प्रदेश भर में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया है और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।’ उन्होंने बताया कि पुलिस और सक्रियता से कई बड़े नशा तस्करों के गिरोह पकड़े गए हैं, जो राज्य स्तर पर नशा विरोधी जागरूकता अभियान को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

सामाजिक विकास के लिए महिलाओं का आगे आना जरुरी: जवाहर

बिलासपुर/नवप्रदेश। किसी भी समाज की प्रगति के लिए महिलाओं को आगे आकर समाज के लिए कार्य करने से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि जवाहर यादव ने छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज की मासिक बैठक एवं प्रदेश महिला कार्यकारिणी के गठन के पर ईमलीपारा में आयोजित कृष्णाधाम यादव भवन में व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ एवम् संस्कार पर विशेष ध्यान देते हुए समाज विकास हेतु युवा साथियों को प्रेरित करना आवश्यक है। किया गया। कार्यक्रम में सभापति के रूप में वरिष्ठ एवं समाज प्रमुख गंगा राम यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी तेरस यादव ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की बात हमें सुननी चाहिए ताकि अंतिम पंक्ति में बैठे सामाजिक व्यक्ति भी अपने विचार व्यक्त कर सके, कभी- कभी कुछ साथी कुछ बोलना चाहते हैं लेकिन झिझकवश अपनी बातों को समाज में रख नहीं पाते हैं ऐसी व्यक्तियों को हमें विशेष अवसर देकर उनके मन की बातों को सामाजिक विकास के रखना चाहिए। ,विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव रमेश यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनाऊ यादव, शिव शंकर यादव, अर्जुन यादव एवम् इतवारी यादव यादव रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यादव कुल के आराध्य देव श्री कृष्ण की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। स्वागत भाषण इकाई प्रभारी रोहित यादव ने दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को यादव समाज बिलासपुर की ओर से पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल एवम् स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक ललित यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को विकास की सही दिशा देने के लिए चार स्तंभ पर विशेष कार्य करने हेतु समाज को आह्वान किया उन्होंने कहा कि समाज में बौद्धिक,आर्थिक, सामाजिक एवम् राजनैतिक इन चार विषयों के साथ समाज के संगठनात्मक एवं सामाजिक संविधान के अक्षरश: पालन कर समाज के समुचित एवम् सर्वांगीण विकास हेतु सदैव तत्पर एवं अग्रसर रहने हेतु समाज को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रदेश महिला यादव संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण यादव ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें उपाध्यक्ष पुष्पा सन्नी यादव कोनारगढ़, कोषाध्यक्ष लता यादव बिलासपुर, सविता यादव बिलासपुर, ज्योति यादव सरगांव, प्रदेश सचिव पूजा यादव, सहसचिव अंजू यादव, मंजू यादव, परमेश्वरी यादव, प्रदेश संगठन सचिव प्रियंका यादव, दुर्गा यादव, मना यादव, प्रतिमा यादव बिलासपुर, शैल यादव, सहकोषाध्यक्ष प्रतिभा यादव मुरलीडीह, प्राची यादव, उर्मिला यादव जेवरा उपस्थित थे।

कार्रवाई : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल, रेल सुरक्षा बल ने ‘ऑपरेशन यात्री सुरक्षा’ के तहत की कार्रवाई

सोने के आभूषण व मोबाइल चोरी के 6 शातिर आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा ‘ऑपरेशन यात्री सुरक्षा’ के अंतर्गत रेलगाड़ियों एवं रेलवे परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में 24 फरवरी को दो अलग-अलग मामलों में 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रथम प्रकरण में 14 फरवरी को गाड़ी संख्या 58823 में छिंदवाड़ा से सिवनी के मध्य यात्रा कर रहे एक यात्री के बैग से लगभग डेढ़ तोला सोने का हार (कीमत लगभग 45,000/-) चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में 15 फरवरी को शासकीय रेलवे पुलिस छिंदवाड़ा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की जांच हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छिंदवाड़ा एवं अपराध गुप्तचर शाखा नागपुर द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर 24 फरवरी को पांच आरोपियों को पकड़ा गया।

हत्या प्रकरण का फरार आरोपी गिरफ्तार

रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा संचालित ‘ऑपरेशन रेल प्रहरी’’ के अंतर्गत एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को सूचना प्राप्त होने के मात्र 55 मिनट के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा राज्य पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सतत समन्वय एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से रेलगाड़ियों एवं रेल परिसर में होने वाले गंभीर अपराधों (हत्या, डकैती, तस्करी आदि) की रोकथाम तथा आरोपियों की धरपकड़ हेतु नियमित विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 फरवरी को रात्रि 10:50 बजे दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब/दपूमरे/नागपुर को एलेक्जेंडर किरो, उप पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम बाकल, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में दर्ज हत्या प्रकरण में संलिप्त फरार आरोपी के रेलवे मार्ग से भागने की आशंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त महोदय ने तत्काल स्वयं संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक रेसुब गोंदिया, मंडल टास्क टीम तथा अपराध गुप्तचर शाखा (सीआईबी) को आरोपी के हुलिए एवं उपलब्ध फोटोग्राफ के आधार पर खोजबीन एवं सघन जांच के निर्देश दिए।

थावे विद्यापीठ के विशेष अधिवेशन में नेहा सिंह को मानद पीएचडी

बिलासपुर/नवप्रदेश। थावे विद्यापीठ के एक दिवसीय विशेष अधिवेशन का आयोजन 22 फरवरी को तीर्थराज संगम नगरी प्रयागराज स्थित भजनानंद आश्रम में किया गया। इस अवसर पर लेखिका एवं समीक्षक नेहा सिंह राजपूत को उनके शोध विषय श्रीमद् भगवद् गीता पर कार्य के लिए पीएचडी (मानद डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यापीठ के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति, कुलाधिपति मंडलेश्वर श्री श्री हरिहरानंद महाराज, परम् संत मौनी बाबा तथा कुल सचिव सी. एस. दयाल यति सहित अनेक संत-महंत और

विद्वान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए लेखिका को शुभकामनाएं दीं। इसी अवसर पर नेहा सिंह राजपूत और संजय सिंह राजपूत द्वारा रचित ग्रंथ ‘21वीं सदी के दृष्टिकोण से श्रीमद् भगवद् गीता’ का विमोचन भी किया गया। उपस्थित विद्वानों और संतजनों ने पुस्तक के अंश पढ़कर इसकी सामग्री की सराहना की।

सुविचार

चाकू, खंजर, तलवार और तीर आपस में लड़ रहे थे कि कौन कितना गहरा घाव देता है। पीछे बैठे शब्द उनकी नादानी पर मंद- मंद मुस्कुरा रहे थे।

विकास को गति देने वाला बजट

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ को विकास गढ़ के रुप में तब्दील करने के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने अपने कार्यकाल का तीसरा बजट उस समय पेश किया है जब छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना की रजत जयंती मना रहा है। जाहिर है इस बजट में लीक से अलग हटकर कुछ नया होने की उम्मीद थी। इस बजट में कई नई घोषणाएं की गई हैं और सभी को साथ लेकर सबका विकास करने के मूलमंत्र को दृष्टिगत रखते हुए गांव, गरीब, किसान, युव और महिला सहित सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में छत्तीसगढ़ का योगदान सुनिश्चित करने के लिए इस बजट को विकासोन्मुखी बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें कोई दो मत नहीं कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस बजट को समावेशी और संतुलित बनाने में अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उन्होंने अपना बजट भाषण इन पंक्तियों के साथ शुरू किया था कि - न चंदन से न कुमकुम से श्रृंगार कराकर आया हूं, न रोली से न वंदन से मस्तक सजाकर आया हूं, स्वयं ईश्वर भी जो कामना करे वो सौभाग्य जगाकर आया हूं, अपने छत्तीसगढ़ की माटी से मै तिलक लगाकर आया हूं। इन प्रेरक पंक्तियों को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बजट में सुनहरे सपने के रुप में परिणित करने की हर संभव कोशिश की है और इसमें वे काफी हद तक सफल भी रहे है। छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी सुगंध लिए यह बजट प्रदेश के तीन करोड़ बाशिंदों का सौभाग्य जगाने वाला सिद्ध होगा और छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में उनके सुनहरे सपनों को नई उड़ान देगा ऐसी उम्मीद की जा सकती है। एक लाख बहत्तर हजार करोड़ रुपये के इस नये बजट में आम आदमी पर कोई नया कर नहीं थोपा गया है जो पहले से ही आसमान छूती महंगाई की मार से आहत प्रदेश की जनता के लिए बड़ी राहत की बात है। इस बजट में कृषि प्रधान इस प्रदेश में कृषि की दिशा और किसानों की दशा बदलने के लिए कृषि के लिए 13507 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। पंचायत और ग्रामीण विकास के लिए 16560 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। इससे निश्चित रुप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि के साथ ही प्रदेश के औद्योगिक विकास की परिकल्पना को भी इस बजट में साकार करने कारगर पहल की गई है।औद्योगिक विकास का बजट दोगुना किया गया है। इस बजट में 23 नये औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की गई है जिससे रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। इस बजट में पहली बार सदियों से उपेक्षित आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। बस्तर में विकास की बयार बहाना आसान काम कभी नहीं रहा है। नक्सली हिंसा के चलते वहां विकास कराना असंभव की हद तक कठिन काम सिद्ध होता रहा है। अब जल्द ही बस्तर से नक्सली आतंक का सफाया होने जा रहा है जिससे बस्तर के दिन बहुरने की संभावना बलवती हुई है। इसे मद्देनजर रखकर बस्तर के लिए बजट में दो एजुकेशन सिटी एक मेडिकल कालेज, बैंकों की नई शखाएं, बस सेवा का विस्तार तथा दूरस्थ क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना के तहत अतिरिक्त टावरों का निर्माण सहित अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जिससे बस्तर की तस्वीर और तकदीर बदल सकती है। कुल मिलाकर यह बजट बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को रफ्तार देने वाला बजट है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ कभी एक बात विचार करो कि वास्तव में तुम चाहते क्या हो? इसके बिना सारी यात्रा बेकार है, निर्णय के बिना सारी यात्रा बेकार है। सब धोखा होगा, जितने किलोमीटर भी चलोगे सब व्यर्थ होंगे ! बस बुढ़ापे की ओर तुम्हें ले जाएंगे, तुम्हारे शरीर के कलपुर्जे हिल रहे होंगे, तुम्हारी एक-एक कोशिकाएं मर रही होंगी, धीरे-धीरे मौत की तरफतुम्हारा गमन होगा क्योंकि तुमने बिना निर्णय के चलना स्वीकार कर लिया है। जानते ही नहीं कि क्या चाहते हो और गुरु तुम्हें बोध कराता है कि तुम्हें चाहिए क्या? कोई गुरु ढूंढ कर देता नहीं, कोई ला कर देता नहीं; सच्चा गुरु वही है जो तुम्हें सिर्फये बता दे कि तुम चाहते क्या हो ?

◆ जब लीला और कथा हो तो उस समय सेवा का दंभ नहीं भरते कि हम तो सेवा में थे, हम क्या करें? यह पाखंड है, सेवा नहीं है। या पहले कर लो या बाद में कर लो; इसे सेवा नहीं कहते ! जब भगवान की लीला, भगवान की कथा, भगवान का सत्संग चले तब उस समय सबसे बड़ी सेवा है भगवत कथा का श्रवण, उससे बड़ा कोई सेवा नहीं है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1994 – उत्तरी कोरिया अपने परमाणु संयंत्रों को अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षण के लिए खोलने पर सहमत। 1995 – कॉपीराइट मुद्दे पर सं.रा. अमेरिका एवं चीन के मध्य समझौता। 1999 – पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकॉर्ड बनाया। 2001 – क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन। 2002 – अफ़ग़ानिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री हामिद करजई भारत की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे। 2004 – मकदुनिया के राष्ट्रपति बेरिस ट्रेज कोवस्की की विमान दुर्घटना में मृत्यु। 2006 – परमाणु परिशोधन पर ईरान और रूस में समझौता। 2007 – नेपाल सरकार द्वारा नरेश की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करने की घोषणा। 2008 – रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2008–09 का रेल बजट संसद में पेश किया। भारत परमाणु अस्त्र ले जाने में सक्षम बैलेस्टिक मिसाइल का समुद्र के भीतर सफल परीक्षण किया। नेपाल में संविधान सभा के होने वाले चुनाव में माओवादी नेता प्रचंड ने अपना पर्चा भरा। 2009 – इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश हेमन्त लक्ष्मण गोखले का स्थानान्तरण मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के रूप में हुआ।

पाणिनि से एआई स्टैक तकः दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य

हरदीप एस पुरी

जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक हैः बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है, जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है। नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए। भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है, क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है, जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैंऔर बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैंऔर दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती, जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएँगी।

पिछले सप्ताह भारत मण्डपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन थाऔर किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गयीः 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय-आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा हैः डेटा पर संप्रभुता, डिज़ाइन के अनुसार समावेशऔर स्वाभाविक जवाबदेही। देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहाँ निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है। प्रधानमंत्री के एम.ए.एन.ए.वी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई हैः नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता था; व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे, जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तकऔर कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है, जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है, जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं। अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है, जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया, और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा है। इस घोषणा की दृष्टि विकास-उन्मुख है, जिसका केंद्र तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता है। यह वैश्विक सहयोग को तीन स्तंभों पर व्यवस्थित करता हैः लोग, पृथ्वी और प्रगति। भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का

अधिकांश भाग अंग्रेज़ी में काम नहीं करता। भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (?65 प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता है। घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है, जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता हैः एक पैटर्न, जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके। बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है।

पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है, क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुँची है। यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था, जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा हैऔर यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन-देन से भी अधिक है। जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक ?3.48 लाख करोड़ से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की है। किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया हैऔर यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआईखड़ा है।

यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था, तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना हैऔर यहाँ आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैंः भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है, लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा-केंद्र क्षमता का केवल लगभग 3 प्रतिशत मौजूद है। अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है, जिसने यूपीआई का निर्माण किया थाः तेज़, बड़े पैमाने परऔर संप्रभु डिजाइन के साथ।

विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएँ की गईं। माइक्रोसॉफ्टः 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर, जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलरकी भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। गूगलः अमेरिका-भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलरसे संचालित होगी। अमेज़न वेब सर्विसेज़ः महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर। अदानी समूहः 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलर। योटा डेटा सर्विसेज़ः एनवीडियाके ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलरसे अधिक। लार्सन एंड टुब्रोः एनवीडियाके साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट-स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना। इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है, जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है।

एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

सुशील पाल

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है।

आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है। लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ये सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं।

यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफहै- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके।

इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है।

भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है,



जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रुपये प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100%) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फबड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फएआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम में बिछड़े हुए प्रेमी का, ज़ख्म भर नही सकती कभी कोई दवा। उसके आंसुओं को नही रोक सकता कभी कोई ढाँढस। उसके दर्द को कभी नही मिटा सकती हमदर्दी भरी सहानुभूति। क्योंकि प्रेमी चाहते है समाज की खोखली दीवारों को गिरा देना उन रूढ़ रीति रिवाजों को मिटा देना।। जो घोट देते है गला अक्सर मासूम प्रेम का धर्म जाति के निर्मम क्रूर हथियार से।।

– गोविंद शर्मा

हरदम ही समझे यहाँ, खुद को जो विद्वान। उससे रहना दूर तुम, हे प्यारे इंसान। हे प्यारे इंसान, मर्ज है लाइलाज ये। कैंसर होता ठीक ,नही पर आए बाज ये। करे प्रशंसा आप, बताए खुद का दमखम। मुझमें कमी न कोय, कहे जग को जो हरदम।। – सुनिल शर्मा नील

फेर जनम मोला देबे देवता उही गली अउ गाँव म संगी-जउँरिहा उही सब राहय महतारी के उही छाँव म जनम-जनम बर अरजी हावय हे महादेव तोर पॉव म घेरी-भेरी अवतारत रहिबे हमर सरग कस नगरगाँव म

– कवि सुशील भोले

मौन की ओट में मेरी ध्वनि प्रखर रहती है, नज़र झुकी हो भले, पर सोच अमर रहती है। मर्यादा मेरा आभूषण, स्वाभिमान मेरी पहचान- रेनू 'शब्दमुखर' हूँ मैं, सहज भीज और अडिग भी।

– रेनू शब्द मुखर

यूजीसी की सवर्ण विरोधी नीति के खिलाफभड़के आक्रोश और उसके बाद के घटनाक्रम से यह साफहो गया है कि एक काला कानून तो क्या, सारे काले कानून खत्म हो जायेंगे. बस सामान्य वर्ग के लोग एक होकर अपना एजेंडा तय करें, अपनी राजनीतिक पार्टी बनाये, उसके प्रत्याशियों को जितायें और खुद सत्ता संभाले. सब ठीक हो जायेगा. लेकिन दूसरों से आशा करेंगे तो जीना भी दुश्वार होगा।

– अनिल पांडेय

निर्विकार प्रेम वो निहार रही थी शुन्य को मैं उसे निहारता था उसकी आंखें शुष्क थी मेरी आंखें खिली हुई थीं वो किसी की याद में थी मैं उससे रूबरू था उसकी आंखें एका एक नम हो गई मैं निहारता था निश्छल फिर मेरी आंखें ना जाने क्यों नम हो गई थीं मै उसे अपना सोचता था क्या पता वो किसे अपना मानती थी बस एक थी तो हमारी आंखें दोनों की ही नम थी।

– प्रीति श्रीवास्तव

कुछ पल तन्हाइयों के दिली सुकून देते हैं ..! आँखें जब भी बंद होती हैं मन रफ़्तार से उड़ान भरता है जब मन को गिरफ्तार किया जाता है। बरबस ही आँखें यथार्थ के परिदृश्य को निहारने लगती है .. वो कहना चाहती हैं बहुत कुछ जिंदगी की तरह.. जैसे जिंदगी की उधेड़बुन प्रभावित करती है... हां मन को भी , तन को भी ...!!

– अर्चना लाल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन साधारण रहेगा दिन के पूर्वार्ध में स्वास्थ्य ठीक रहने पर भी आलस्य के कारण कार्यो में विलंब होगा घरेलू कार्य भी धीमी गति से चलेंगे।

वृषः मन मे चंचलता बढ़ने के कारण आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा किसी भी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति बाधा डालेगी जिससे कार्यो में विलंब होगा।

मिथुन : आज का दिन विपरीत फलदायक है स्वभाव की मनमानी आज किसी न किसी रूप में हानि कराएगी। आज भी आपका मन अनैतिक कर्मो में अधिक रहेगा किसी के टोकने पर अभद्र व्यवहार करने से भी नही शर्माएंगे।

कर्कः आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन ध्यान रहे आपका व्यवहार होने वाले लाभ को कम या अधिक करने में महत्तवपूर्ण भूमिका रखेगा। वैसे तो आज काम निकालने के लिये मीठा व्यवहार ही करेंगे।

सिंह : आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। भागदौड़ आज किसी न किसी काम से लगी रहेगी लेकिन इसका सफल परिणाम दिन भर उत्साहित रखेगा। दिन के आरंभ में पेट अथवा मासपेशियो मे थोड़ी बहुत तकलीफहोगी लेकिन मध्यान तक स्वतः ही सही हो जाएगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। पूर्व में किसी गलती को लेकर मन मे ग्लानि होगी लेकिन सुधार करने की जगह दोबारा वही गलती करने पर किसी से अनबन के साथ शत्रुओ में वृद्धि भी होगी।

तुलाः आज का दिन सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। घर मे मौसमी बीमारियों के कारण सर्दी जुखाम से कोई ना कोई परेशान रहेगा दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे।

वृश्चिकः आज के दिन भागदौड़ लगी रहेगी दिन के आरंभ से ही आकस्मिक यात्रा की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की संभावना भी है। सेहत में विकार आने की संभावना है सतर्क रहें।

धनुः आज के दिन आपको उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा आपका स्वभाव आज संतोषी ही रहेगा फिर भी आकस्मिक आने वाले क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

मकरः आज आप प्रत्येक कार्य बुद्धि विवेक से करेंगे लेकिन पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज शत्रु पक्ष प्रबल रहेंगे घर के सदस्यों का व्यवहार भी आज विपरीत।

कुंभ : आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा दिन के आरंभ से ही किसी से कहासुनी की संभावना रहेगी इसके लिये ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा संतान अथवा किसी अन्य परिजन का उद्दंड व्यवहार कलह करवाएगा।

मीनः आज के दिन आपके मन मे उधेड़ बुन लगी रहेगी जो करना चाहेंगे उसे नही कर पाएंगे उल्टे जिस का को करने से चिढ़ते है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) विश्व का एकमात्र कौन-सा महाद्वीप जिससे कर्क रेखा, मकर रेखा और भूमध्यरेखा गुजरती है?

2) गुजरात के किस जिले को जारोसाइट जमा होने के कारण मंगल ग्रह जैसा स्थल माना गया है?

3) कैमल इंटरनेशनल अवार्ड 2025 जीतने वाले यूनुस अहमद भारत के किस राज्य से हैं?

4) सिया-सिया जनजाति किस देश की मूल जनजाति है?

5) हाल ही में खबरों में रही येलो-क्रेस्टेड काकाटू पक्षी प्राकृतिक रूप से किस क्षेत्र की प्रजाति है?

उत्तरमाला- (1) अफ्रीका (2) कच्छ (3) केरल (4) इंडोनेशिया (5) इंडोनेशिया और ईस्ट तिमोर

पहेली

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी ने दो स्कॉलरशिप के लिए मांगे आवेदन, छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित

बिना बैकलॉग वाले ईडब्लूएस छात्रों की पूरी ट्यूशन फीस होगी वापस, आर्थिक बोझ होगा कम

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (एनआईटी) ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और मेरिट कम मीन्स श्रेणी के छात्रों के लिए दो अलग-अलग छात्रवृत्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। दोनों ही योजनाओं का लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जिन्हें पहले से किसी अन्य प्रकार की छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो रही है।

संस्थान प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि सीजी पोस्ट मैट्रिक, एनएसपी, अन्य राज्य सरकार की छात्रवृत्ति अथवा श्रमण फाउंडेशन जैसी योजनाओं में चयनित छात्र इन स्कॉलरशिप के लिए पात्र नहीं होंगे। विद्यार्थियों को आवेदन से पूर्व पात्रता की सभी शर्तों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

चयन प्रक्रिया :- पिछले वर्ष के ईवन सेमेस्टर की मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों को आधार बनाया जाएगा। चयनित 6 छात्रों को एकमुश्त 41,667 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

मेरिट कम मीन्स स्कॉलरशिप: आय 2.5 लाख से कम होना जरूरी: बीटेक सेकंड ईयर के वे छात्र, जिन्होंने प्रथम प्रयास में पहला और दूसरा सेमेस्टर उत्तीर्ण किया है, इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। परिवार की वार्षिक आय वर्ष 2024-25 में 2.5 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद तहसीलदार या उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

पूरी ट्यूशन फीस रिइम्बर्समेंट

आर्थिक रूप से पिछड़े वे छात्र, जिन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में बीटेक या बीआर्क की परीक्षा बिना किसी बैकलॉग के उत्तीर्ण की है, इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2024-25 के लिए परिवार की वार्षिक आय 1 लाख से 5 लाख रुपए के बीच होना अनिवार्य है। आय प्रमाण पत्र 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद जारी किया गया हो तथा जारी करने वाला अधिकारी तहसीलदार से नीचे के रैंक का न हो।

न्यूज गैलरी

अशोक कुसरे के नेत्रों से दो नेत्रहीन देख सकेंगे दुनिया

महाराष्ट्र मंडल के देहदान- नेत्रदान महादान प्रभारी विक्रम हिशीकर का एक और सेवाभावी प्रयास

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के 'देहदान- नेत्रदान महादान अभियान' के प्रभारी विक्रम हिशीकर के प्रेरक प्रयास से मंडल के आजीवन सभासद तात्यापारा स्थित कुसरे बाड़ा निवासी अशोक कुसरे के निधन के उपरांत उनके बेटा- बहू ने उनका नेत्रदान कराया। इस महादान पहल से अब अशोक कुसरे के नेत्रों से दो नेत्रहीन इस दुनिया को देख सकेंगे। अशोक की पुत्रवधू, महाराष्ट्र मंडल की सभासद और संत ज्ञानेश्वर स्कूल की शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने बताया कि सोमवार को दोपहर दो बजे ससुर के निधन पर जब पूरा परिवार शोक संतप्त था, तो इसी बीच विक्रम ने सुझाव दिया कि पिता की आंखें यदि तत्काल निर्णय लेकर दान की जाएं, तो इससे दो नेत्रहीन बच्चे दुनिया देख सकेंगे। इस सुझाव पर कुसरे परिवार सहमत होकर नेत्रदान करने के लिए तैयार हुआ। इस तरह एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर में अशोक बाला साहेब कुसरे का नेत्रदान कराया गया। मंडल के 'देहदान- नेत्रदान महादान अभियान' के प्रभारी विक्रम ने सभी सदस्यों और जन सामान्य से अपील की है कि ऐसे कार्यों से प्रेरित होकर न सिर्फलोगों को देहदान व नेत्रदान के लिए प्रेरित करें, बल्कि स्वयं भी नेत्रदान का फार्म भरकर दूसरों के लिए मिसाल बनें। बताते चलें कि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले 41 साल देहदान और नेत्रदान का फार्म भरकर पहले ही इसके लिए संकल्पबद्ध हैं।

कलेक्टर ने पशु चिकित्सा कार्यालय का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज पशु चिकित्सा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आधार आधारित उपस्थितिकी जांच की तथा उपस्थिति पंजी एवं डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी नियमित रूप से आधार आधारित उपस्थिति दर्ज करें तथा समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कार्यालय के स्टोर रूम एवं अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया एवं वहां उपलब्ध दवाइयों, उपकरणों एवं अन्य सामग्रियों की स्थिति की जानकारी ली तथा स्टॉक रजिस्टर का परीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पशु चिकित्सा सेवाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पशुपालकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए कार्यालय की कार्यप्रणाली सुव्यवस्थित होनी चाहिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन, संयुक्त संचालक पशु स्वास्थ्य सेवाएं डॉ शंकर लाल उइके सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को मिल रहा तकनीकी ज्ञान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले में प्रोजेक्ट दक्ष का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत अब तक 2614 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कार्यप्रणाली को डिजिटल रूप से सशक्त, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को कंप्यूटर एवं मोबाइल के मूलभूत उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन तथा ई-मेल जैसे आधुनिक डिजिटल टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रोजेक्ट दक्ष से शासकीय कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि हुई है, जिससे ई-गवर्नेंस को मजबूती मिल रही है और नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता व गति में भी सुधार हो रहा है। यह पहल शासन की डिजिटल इंडिया और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

चिरायु दल ने लौटाई मासूम रंजना की मुस्कान

रायपुर/नवप्रदेश। बकावण्ड ब्लॉक के ग्राम जामगुड़ा (धनपुर) में रहने वाले महेश भारती के घर जब बेटी रंजना का जन्म हुआ, तो खुशियों के साथ-साथ एक गहरी चिंता ने भी दस्तक दी। मासूम रंजना जन्मजात क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) की समस्या से ग्रसित थी। जैसे-जैसे रंजना बड़ी हो रही थी, माता-पिता के मन में अपनी बेटी के भविष्य, उसकी पढ़ाई और समाज में उसे मिलने वाली स्वीकार्यता को लेकर डर गहराता जा रहा था। सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक तंगी थी। एक साधारण परिवार के लिए निजी अस्पतालों में ऑपरेशन का भारी-भरकम खर्च उठा पाना असंभव सा था, जिससे माता-पिता स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ किर्सी ह्यवैरिनेन के प्रवास से छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई दिशा

बस्तर से वैश्विक मंच तक छत्तीसगढ़ पर्यटन की नई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में इन दिनों पर्यटन विकास की एक नई और सकारात्मक इबारत लिखी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के छह दिवसीय प्रवास ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण गति प्रदान की है।

उनका यह दौरा केवल औपचारिक भ्रमण नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय आधारित सतत पर्यटन मॉडल को वैश्विक मानकों से जोड़ने की ठोस रणनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। दौरे के दूसरे दिन किर्सी बस्तर जिले के ग्राम धुड़मारास पहुंचीं, जहां धुरवा डेरा होमस्टे में उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। सिहाड़ी और महुए की माला पहनाकर तथा धुरवा नृत्य और स्वागत गीतों के माध्यम से ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। वैश्विक पर्यटन परिदृश्य में स्थानीय खान-पान एक प्रमुख आकर्षण बन चुका है और बस्तर की जैव विविधता आधारित खाद्य संस्कृति विदेशी पर्यटकों के लिए विशिष्ट पहचान बना सकती है।

पारंपरिक व्यंजनों का लिया स्वाद

आत्मीय स्वागत से अभिभूत सुश्री किर्सी ने कहा कि इस प्रकार का अनुभव उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय है। यह स्वागत केवल सांस्कृतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि बस्तर की सामाजिक एकजुटता और आत्मीयता का सशक्त परिचय था। प्रवास के दौरान उन्होंने बस्तर के पारंपरिक एवं जैविक व्यंजनों का स्वाद भी लिया। कलम भाजी, सेमी और बोदई की सब्जी, केले की सब्जी, उड़द दाल, इमली की चटनी, कोसरा भात तथा मंडिया पेज जैसे स्थानीय व्यंजनों से सजी थाली ने उन्हें यहां की जीवनशैली और खाद्य परंपरा से परिचित कराया।

यह प्रवास विशेष रूप से यूनाइटेड नेशन से जुड़े 'बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम' के मानकों के अनुरूप धुड़मारास और आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने पर केंद्रित है। सुश्री किर्सी धुरवा डेरा होमस्टे में रहकर स्थानीय समुदाय, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं और पर्यटन हितधारकों से संवाद कर सेवा गुणवत्ता, स्वच्छता प्रबंधन, डिजिटल प्रचार, ब्रांडिंग और होमस्टे संचालन के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर मार्गदर्शन दे रही हैं। यह भ्रमण जिला प्रशासन तथा छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के समन्वय से आयोजित किया गया है। प्रवास के दौरान उन्होंने विश्वप्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में नौका विहार कर वहां की पर्यटन संभावनाओं का अवलोकन किया और मेंदरी घूमर क्षेत्र में स्थानीय हितग्राहियों के साथ पर्यटन गतिविधियों को विस्तार देने पर चर्चा की।

समावेशी तरक्की सेहत और नौजवानों के मुस्तकबिल का मुतवाज़िन बजट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा माली साल 2026ङ्क27 के लिए पेश 1.72 लाख करोड़ रुपए के बजट को भारतीय जनता पार्टी, जिला रायपुर के जिला उपाध्यक्ष अकबर अली ने अवाम की तरक्की, समाजी इंसाफ और मुस्तकबिल की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया मुतवाज़िन और दूरअंदेश बजट क़रार दिया है।

अकबर अली ने कहा कि वज़ीर-ए-आला विष्णु देव साय की क़ियादत और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी की पेशकश में यह बजट वज़ीर-ए-आज़म श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और विकसित भारत के ख़्वाब को ज़मीन पर उतारने वाला मज़बूत दस्तावेज़ है। इसमें ग़रीब, किसान, नौजवान, ख़वातीन, मज़दूर और आदिवासी तबक़ात – हर तबके के हितों का ख़ास ख़याल रखा गया है।

उन्होंने कहा कि सेहत के शोबे में रायपुर में 200 बिस्तरों के नए अस्पताल, मातृ-शिशु अस्पतालों की तामीर, 25 डायलिसिस सेंटर, 50 जन औषधि केंद्र और मेकाहारा रायपुर में एआई आधारित जदीद इलाज़ी सहूलतों का इंतज़ाम अवाम को सस्ती, आसान और बेहतर सेहत सेवाएं देने की अहम पहल है। 4 नए मेडिकल कॉलेज और 1 होम्योपैथिक कॉलेज क़ायम होने से तिब्बी तालीम और रोज़गार के नए मौक़े भी पैदा होंगे। अकबर अली ने कहा कि तालीम, हुनर, नौजवानों की क़ाबिलियत और रोज़गार से जुड़े प्रावधान सूबे के नौजवानों को खुदमुख्तार और क़ाबिल बनाने में अहम साबित होंगे।

गांव, ग़रीब और किसान की मआशियत को मज़बूत करने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर, आवास, सड़क, पानी और खेती से जुड़े क़दम दूरगामी असर डालेंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट सिर्फ़रक़मों का हिसाब नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ को मज़बूत, खुशहाल, हमआहंग और मौक़ों से भरपूर रियासत बनाने का वाज़ेह रोडमैप है। अकबर अली ने इस अवाम-दोस्त और दूरअंदेशी बजट के लिए वज़ीर-ए-आला विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं छत्तीसगढ़ हुकूमत का दिली शुक्रिया अदा किया।

वित्त मंत्री ने आमजनों को पहनाया टोपी: सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। श्रमिक, युवा गरीबों के हितैषी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुशील सन्नी अग्रवाल ने आज विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ प्रदेश के बजट पर कहा कि यह बजट वित्त मंत्री जी ने एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर बनाया है, इसलिये इस बजट में आम आदमी, गरीब वर्ग, किसान वर्ग, श्रमिक वर्ग, युवा वर्ग, कर्मचारी वर्ग के लिये कुछ भी नहीं हैं। इतना भारी भरकम 1.72 हजार करोड़ के संकल्प बजट पर सिर्फसंकल्प के अलावा कुछ भी नहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा कि युवा वर्ग को वित्त मंत्री जी से बहुत उम्मीदें थी, पूर्व में घोषणा अनुरूप 5 हजार शिक्षकों की भर्ती, पुलिस में भर्ती, बेरोजगारी भत्ता आदि किसी भी चीज की घोषणा नहीं किया गया, जनता को धरातल पर काम चाहिए केवल गोल मोल और बड़ी बातों से उन्हें कोई वास्ता नहीं है। एक ओर नई आबकारी नीति बनाकर दारू को दुकान खोली जा रही है और बजट में नशा मुक्ति के लिये 20 करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है, यह बीजेपी सरकार की दोहरी नीति को दिखाता हैं। जिस मोदी जी के भरोसे इनकी सरकार सत्ता में आई है उस मोदी की न कोई गारंटी है, न सायं सरकार की वारंटी। कुल मिलाकर विष्णु देव साय, दारू बेचकर बढ़ाएंगे आय, छत्तीसगढ़ की जनता भाड़ में जाय।

कलेक्टर ने ई-कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष का किया निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिला चिकित्सालय पंडरी में संचालित ई-कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्ष की खिड़की टूटी हुई पाए जाने तथा साफ-सफाई संतोषजनक न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर डॉ सिंह ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए तथा कहा कि न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों से जुड़े कक्षों की स्थिति व्यवस्थित एवं कार्य के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे कक्षों में अव्यवस्था या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डॉक्टरों की कोर्ट अपीयरेंस अब वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए, ताकि समय की बचत हो और चिकित्सकीय सेवाओं पर अनावश्यक प्रभाव न पड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन उपस्थित रहे।

राज्य बजट से सामाजिक कार्यों का विस्तार होगा: अजय

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की विभिन्न समितियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के तीसरे बजट को राज्य को प्रगति के पथ पर तेजी से ले जाने वाला और सभी वर्गों का ध्यान रखने वाला बजट बताया। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी की ओर से प्रस्तुत तीसरे बजट में जो प्रावधान किये गये हैं, उससे सामाजिक कार्यों का विस्तार होगा।

काले ने कहा कि सियान गुड़ी जैसे वरिष्ठ सदस्यों की कल्याण योजना के लिए वार्षिक बजट में सम्मानजनक राशि का प्रावधान किया गया है, जो संवेदनशील नीति का द्योतक है। युवाओं के शिक्षण विस्तार के लिए महाविद्यालय स्थापना, भवन निर्माण, नालंदा वाचनालय, युवाओं के कैरियर गाइडेंस के लिए व बच्चियों के 18 वर्ष पूर्ण होने पर 15 हजार रुपये राशि और स्किल डेवलपमेंट के लिए बजट प्रावधान प्रशंसनीय है। यह बजट राज्य के उज्जवल भविष्य की ओर संकेत करता है। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने कहा कि सीएम साय सरकार का तीसरा बजट 'संकल्प' की थीम पर आधारित है। इसमें एस का अर्थ समावेशी विकास, ए का अर्थ अंधोसंरचना, एन का अर्थ निवेश, के का अर्थ कुशल मानव संसाधन, ए यानि अंत्योदय, एल का अर्थ लाइवलीहुड और पी यानि पॉलिसी से परिणाम को प्रमुखता से शामिल किया गया है। यह बजट हर क्षेत्र में संतुलित और संभावनाओं से भरा हुआ है। खेल समिति की समन्वयक गीता दलाल ने कहा कि बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर अब सरगुजा ओलंपिक करने का ऐलान किया है। इसके लिए पांच-पांच करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। यह प्रशंसनीय है। ऐसे प्रयास शहरी इलाकों में भी किए जाने चाहिए।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली डाक सेवकों की समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सिंह ने डाक सेवकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी रोजाना अपने डाक घरों में 0 से 05 वर्ष की आयु के बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य 25 से अधिक रखें ताकि सभी बच्चों का आधार कार्ड जल्द से जल्द बन सके एवं आप सभी अपनी डेली मॉनिटरिंग रिपोर्ट भेजें। डाक सेवक यह सुनिश्चित करें कि शासन की इस महत्वकांशी योजना का लाभ हर नागरिक को मिले।

कलेक्टर ने परिजनों से आग्रह किया कि जिनके बच्चों की उम्र 0 से 05 वर्ष की है वे 31 मार्च से पूर्व निःशुल्क रूप से अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवालें, मार्च 2026 के बाद यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड बनाने पर शुल्क लिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

टीम प्रहरी की कार्रवाई: 329 स्थानों पर हो रहे अवैध प्लाटिंग को रोका, 675 प्रमुख स्थानों पर भी की गई कार्यवाही

डूंडा में 50 करोड़ मूल्य की जमीन को कराया कब्जामुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। टीम प्रहरी द्वारा रोजाना राजधानी की प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लॉटिंग एवं यातायात व्यवस्थित करने के लिए कार्रवाई की जाती है। रायपुर शहर में अब तक 329 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गयी है। अब तक शहर के 675 प्रमुख स्थानों पर कार्यवाही की जा चुकी है एवं नियमों का उल्लघन करने वालों पर 65 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना भी लगाया जा चुका है।

टीम प्रहरी द्वारा मालवीय रोड तेलीबांधा रोड, संतोषी नगर चौक, पचपेड़ी नाका चौक, गौरव पथ, एन.आई.टी. कॉलेज के सामने, टाटीबंध, समता कालोनी, लालपुर चौक, अम्लीडीह मार्ग, तेलीबांधा चौक से मरीन ड्राइव चौक तक, जेल रोड फाफाडीह चौक, मौदहापारा, घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, विधानसभा एवं अवंति विहार मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थानों पर जाकर अतिक्रमण हटाने एवं रायपुर में अवैध निर्माण पर रोकथाम की कार्यवाही करते हैं।

हाल ही में सेक्टर-10 डूंडा क्षेत्र में आर.डी.ए. की 26 एकड़ भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसका अनुमानित वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 50 करोड़ रूपये है। यह भूमि पुनः रायपुर विकास प्राधिकरण को वापस सौंप दी गयी है। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन रायपुर द्वारा 25 जनवरी 2025 को 'टीम प्रहरी' की शुरूआत की गई थी। जिसका उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था और अवैध अतिक्रमण को हटाना है। इस टीम में रायपुर नगर पालिक निगम के 30 पुरुष एवं 20 महिला सदस्य, जिला प्रशासन के 05 अधिकारी, पुलिस विभाग के 15 जवान और यातायात विभाग के 10 अधिकारी शामिल हैं।

जेलपारा एनीकट के के लिए 8.19 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के अंतर्गत केलो नदी पर दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 8 करोड़ 19 लाख 64 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-रायगढ़ अंतर्गत केलो नदी पर जेलपारा एनीकट के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 85 लाख 79 हजार रुपए स्वीकृत किए है। प्रस्तावित कार्य से एनीकट का मरम्मत एवं समस्त क्षतिग्रस्त गेट का पुर्ननिर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। विकासखण्ड-पुसौर के अंतर्गत केलो परियोजना के टंगापाली विरतक नहर के कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है।

अंतत: सट्टा किंग मनीष आसरानी को रायपुर से कांकेर लेकर पहुंची पुलिस

- नवप्रदेश ने सट्टा किंग मनीष और निक्की की खबर को लगातार किया था प्रकाशित
- मनीष के बाद क्या ऑनलाइन सट्टा किंग निक्की जल्द होगा पुलिस की गिरफ्त में

नवप्रदेश खबर का असर

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर की पुलिस ने सट्टा खाईवाल और ऑनलाइन सट्टा किंग फरार चावल व्यापारी मनीष आसरानी को रायपुर जिला जेल से 24 फरवरी 2026 को प्रोडक्शन वारन्ट के माध्यम से लाया गया। बता दे कि नवप्रदेश की लगातार खबर के बाद कांकेर पुलिस ने सट्टा खाईवाल को रायपुर से पकड़कर कांकेर लेकर आने में सफल हुई है। मनीष आसरानी सट्टा किंग भी पुलिस के हाथ लग चुका है लेकिन अभी तक पड़ोसी जिलें का ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाला निक्की पुलिस की आँखों में धूल झोंककर मनमानी करता नज़र आ रहा है। एसपी निखिल राखेचा के निर्देशन पर जिला में चल रहे उजियारा अभियान के तहत् थाना कांकेर का अपराध क्रमांक 61/26 में फरार अन्य 01 आरोपी मनीष असरानी पिता सुन्दर असरानी उम्र 40 वर्ष निवासी मांझापारा कांकेर को जिला जेल रायुपर से 24 फरवरी 2026 को प्रोडक्शन वारन्ट के माध्यम से विधिवत् कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।थाना कांकेर का अन्य अपराध क्र. 63/26 के आरोपी ओमप्रकाश साहू पिता तुलसी राम को पकडने पर आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी पेन, नगदी रकम 1500 रूपये एवं 02 नग मोबाईल को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 06 छ.ग. छ.ग. जुआ प्रतिषेध पाये जाने पर जप्त किया गया था। विवेचना के दौरान ओमप्रकाश साहू और संदेही अविनाश हिरदानी के बैंक खाता पर कुल 99,895 रूपये का क्रेडिट व डेबिट होना पाया गया हैं। आरोपी अविनाश हिरदानी के कब्जे से जुआ सट्टा व रकम भेजने में उपयोग किये गये 02 नग मोबाईल को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, 112(2)बीएनएस 2023 के तहत विधिवत् कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली थाना में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहु उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी दयालु राम साहु, प्र.आरक्षक शिव प्रसाद बेसरे आरक्षक शैलेंद्र चतुर्वेदी आरक्षक रोशन राठौर ईश्वर साहू शामिल थे।

ऑनलाइन सट्टा का चांवल व्यापारी मनीष आसरानी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

■ जिला जज पुलिस थाना की कार्यवाही

■ कांकेर पुलिस की नहीं मिली सफलता

अब ऑनलाइन सट्टा किंग निक्की की बारी...!!!

न्यूज गैलरी

छ.ग. का वार्षिक बजट जनता को निराश करने वाला : अनूप नाग

अंतागढ़/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्ष 2026-27 के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ने दिनांक 24/02/20026 का बजट पेश किया है। इस बजट से आम जनता को वित मंत्री से काफी अपेक्षाएं थी कि एक आईएस प्रशासनिक अधिकारी रहे ओ. पी. चौधरी वित्तमंत्री है। पूर्व में कई जिलों के कलेक्टर भी रहे है। गांव के हालत एवं अंतिम व्यक्ति के विकास के बारे में सोचते हुए बजट आएगा। परन्तु ऐसा नहीं हुआ। वर्ष 2024-25 में 47 हजार 446 करोड़ का बजट एवं वर्ष 2025-26 में 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया गया था परन्तु वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव की सरकार को 2 वर्ष बीत चुका। हवा-हवाई जुमलाबाजी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की वित्तीय स्वीकृती पश्चात् भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यों में वाहवाही लेते हुए परिलक्षित हुआ। इसी तरह अब वर्तमान वर्ष 2026-27 का बजट 1.72 लाख करोड़ रूपए का बजट पेश हुआ। पिछला बजट वर्ष 2024-25 को 'ज्ञान÷ दूसरे वर्ष 2025-26 के बजट को गति तथा वर्तमा बजट को ÷धीमसंकल्प जैसे प्रेरणा श्रोत के शब्दों से उद्बोधन में बताया गया अगर ज्ञान और गति के शाब्दीक अर्थो पर सोचे तो इन वर्षों में जहां ज्ञान का सृजन व प्राप्ति होता है स्कूल, कॉलेज शैक्षणिक संस्थाएं जस का तस बनी हुई है। स्कूल, कॉलेज जर्जर स्थिति में शिक्षकों एवं संसाधनों का आभाव झेल रहा है।

प्रदेश को संवारने का बजट : लक्ष्मण ठाकुर

अंतागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर दुर्गुकोंदल भाजपा मंडल की महामंत्री शकुंतला नरेटी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को संवारने और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। लक्ष्मण ठाकुर ने बताया कि इस बजट में किसान, युवा, मजदूर और जनकल्याणकारी योजनाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि धान उत्पादक किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे सड़कों, पुलों और आधारभूत संरचनाओं को तेजी से विकास होगा। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग को भी पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जिससे शहरों के विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार संभव होगा। मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना तथा मुख्यमंत्री दूर ग्रामीण सड़क योजना जैसी नई योजनाओं की घोषणा से प्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

हज कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन से वरिष्ठ भाजपा नेता ने की मुलाकात

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िला आमंत्रित सदस्य हाज़ी वली मोहम्मद ने राजधानी पहुंचकर छत्तीसगढ़ हज कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मिर्जा एजाज़ बेग से उनके कार्यालय पहुंचकर उन्हें मुबारक बाद पेश किया। हज कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन से मुलाकात के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता हाजी वली मोहम्मद ने नवनियुक्त चेयरमैन से अनुरोध किया कि जल्द छत्तीसगढ़ में हज हाउस की बुनियाद रखने की बात कही है। साथ ही हज में जाने वाले सभी जायरीनों को हज के दौरान होने वाले समस्याओं पर संज्ञान लेकर हर हाजी की उम्मीद पर खरा उतरना होगा। चेयरमैन पद से नवाजे जाने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता हाजी वली मोहम्मद ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेशाध्यक्ष किरण देव जी का आभार व्यक्त किया गया है।

बस्तर चेंबर भवन के लिए बजट में प्रावधान ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय : अनूप

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर चेंबर अध्यक्ष अनूप शर्मा ने प्रदेश बजट में बस्तर चेंबर भवन के लिए किए गए प्रावधान का स्वागत करते हुए इसे बस्तर अंचल के व्यापारिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है शर्मा ने कहा कि लंबे समय से व्यापारी वर्ग एक सुव्यवस्थित चेंबर भवन की मांग कर रहा था। सरकार द्वारा इस मांग को बजट में स्थान देना व्यापारियों की भावनाओं का सम्मान है। प्रस्तावित चेंबर भवन व्यापारिक बैठकों, संगोष्ठियों, सेमिनारों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उद्योग-व्यापार से जुड़े आयोजनों के लिए एक सशक्त एवं आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश बजट में बस्तर संभाग के समग्र विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सड़क एवं रेल संपर्क के विस्तार, लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, पर्यटन विकास कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन एमएसएमई के विस्तार कौशल विकास एवं स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने जैसे प्रावधान बस्तर सहित कांकेर जिले की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि कांकेर जिला व्यापार, कृषि एवं संभावित औद्योगिक निवेश की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। बजट में किए गए विकासोन्मुखी प्रावधानों से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं कांकेर चेंबर के समस्त पदाधिकारियों तथा व्यापारी बंधुओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों, सकारात्मक पहल एवं निरंतर संवाद का परिणाम है।

अर्जुन सिंह ने किया तेन्दूपत्ते का राष्ट्रीयकरण : नितिन पोटाई

- वनों को आग से बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन समुदाय ने लिया शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। आदिवासियों को ठेकेदारों एवं बिचौलियों से बचाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने 1980 में तेन्दूपत्ते का राष्ट्रीयकरण कर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वास्तविक हक दिलाने का कार्य किया था। जिसका लाभ अब तक मिल रहा है। उक्त उदगार जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई के है। वे नरहरपुर के वन विश्राम गृह में कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि 1980 के पहले तेन्दूपत्ता खरीदी का ठेका बड़े बड़े व्यापारियों के द्वारा लिया जा रहा था जिसके कारण तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों को ठेकेदारों द्वारा औने-पौने दाम में तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य कराया जा रहा था। जिससे उनका वास्तविक हक नहीं मिल पा रहा था। अतः उस समय के तात्कालिन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने तेन्दूपत्ता का राष्ट्रीयकरण कर सहकारी संस्थाओं के माध्यम से तेन्दूपत्ता खरीदवाने का कार्य प्रारंभ कर मजदूर से मालिक बनाने का कार्य किया था। भारत देश में तेन्दूपत्ता के विषय में सबसे अच्छा शासकीय नीति अर्जुन सिंह की ही है। जिसकी तारीफ आज भी की जाती है।वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने आगे कहा कि शाखकर्तन से तेन्दूपत्ता संग्रहण की पूर्व तैयारी है जितने अच्छे से शाखकर्तन होगा उतना ही अच्छा तेन्दूपत्ता भी प्राप्त होगा। इसलिए कोई भी क्षेत्र शाखकर्तन से वंचित नहीं होना चाहिए। इसमें फड़मुशी, प्रबंधकों एवं नोडल अधिकारियों कि मुख्य भूमिका होनी चाहिए। इस बार का तेन्दूपत्ता खरीदी का लक्ष्य 37800 रूपये मानक बोरा लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुदर्शन नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखकर्तन के महत्व एवं वनो को बचाने हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य संजना वड्डी, वनोपज संघ के उपाध्यक्ष नंदलाल मण्डावी , महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मांडवी दीक्षित एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष कौशिल्या शोरी ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन रोहिदास शोरी ने किया। सभा पश्चात वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने उपस्थित जन समुदाय को वनो को आग से बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलवाई तथा शाखकर्तन का डेमो प्रदर्शित कर उपस्थित फड़ मुशियों एवं संग्राहकों को उत्साहित करने का कार्य किया।

रमजान आदेश विवाद पर सियासत गरम

- सच कौन? वक्फबोर्ड या सरकार

केशकाल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रमजान को लेकर जारी कथित आदेश के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने बयान जारी करते हुए छत्तीसगढ़ वक्फबोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मेमन ने कहा कि 19 तारीख को जारी एक पत्र में रमजान माह के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटे पहले कार्यालय छोड़ने की अनुमति शासन द्वारा दिए जाने की बात कही गई थी। यह पत्र सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ और इसमें सरकार की नीतियों का भी उल्लेख किया गया था। हालांकि बाद में उक्त पत्र को वापस ले लिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अगले ही दिन अल्पसंख्यक विभाग के सचिव अनुपम द्विवेदी ने आधिकारिक रूप से स्पष्ट किया कि राज्य शासन द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है तथा इस प्रकार की जानकारी भ्रामक और निराधार है।मेमन ने सवाल उठाया कि आखिर प्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि सच कौन बोल रहा है – वक्फ बोर्ड अध्यक्ष या शासन का आधिकारिक विभाग। उन्होंने कहा कि यदि किसी पद पर बैठा व्यक्ति गलत या भ्रामक जानकारी फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने वक्फबिल को लेकर दिए गए बयानों पर भी स्पष्टीकरण की मांग करते हुए कहा कि यदि नया वक्फबिल मुसलमानों के हित में बताया जा रहा है तो यह स्पष्ट किया जाए कि पुराने और नए कानून में क्या अंतर है और समुदाय को इससे वास्तविक लाभ क्या मिलेगा। मेमन ने आरोप लगाया कि जुमे की नमाज में होने वाली तकरीरों के विषय तय करने संबंधी निर्देश देना धार्मिक परंपराओं में अनावश्यक हस्तक्षेप है। उन्होंने कहा कि तकरीरें स्थानीय परिस्थितियों और समाज के मुद्दों के आधार पर होती हैं, किसी व्यक्ति विशेष द्वारा विषय निर्धारित करना उचित नहीं है।

कोरर में एक साथ 4 दुकानों में चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। बीते सप्ताह कोरर की तीन दुकान में चोरी करने वाले नाकाब पोश चोरों की गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों आरोपी आदतन अपराधी है। और ये तीनों आरोपी फरसगांव नारायणपुर कोंडागांव से है।ये तीनों आरोपी अपने शौक को पूरा करने और गाड़ी की किस्त पटाने चोरी करते थे। इन तीनों आरोपियो को पकड़ने पुलिस ने 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए 200 से अधिक मोबाइल नंबरो के टावर लोकेशन का अवलोकन किया गया। बता दे कि तीन आरोपियों में से दो आरोपी नारायणपुर जिले के निगरानी बदमाश है।प्रार्थी लक्ष्य कुमार देवांगन कोरर निवासी के द्वारा 20 फरवरी 2026 को थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा लक्ष्य कलेक्शन के नाम पर कपडा दुकान है मेरे दुकान एवं मेरे बगल के हारिओम किराना दुकान तथा राठौर मेडिकल स्टोर्स से तीनो दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा ताला तोडकर मेरे दुकान से 21 हजार का कपडा जींस, टी-शर्ट, शर्ट एवं गल्ले में रखे 300 रू0,हरिओम किराना दुकान से 4000/00 रू0, राठौर मेडिकल स्टोर्स से 9000/रू0 का सिक्का व फटे नोट ले गये अज्ञात चोरो के खिलाफ थाना कोरर में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन योगेश साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर मार्गदर्शन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर के पर्यवेक्षण में पता तलाश हेतु थाने का टीम व सायबर टीम को लगाया गया।प्रकरण में विवेचना के दौरान घटना दिनांक से आरोपी फरार थे। पता साजी के के दौरान कोरर, किसनपुरी, पुरी, चारामा रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। तब पता चला कि आरोपी स्कूटी व बाइक से चोरी करना पता चला फुटेज व हुलिया देखकर आज दिनांक को थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध कबूल करने पर चोरी हुयी कपडा पैसा चोरी के दौरान प्रयुक्त स्कूटी, बाईक, मोबाइल, लोहे की राड जप्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि तीनों आदतन अपराधी है आरोपियों के द्वारा 09 फरवरी 2026 को फरसगांव में स्कूटी चोरी कर वहां से रात में ही नारायणपुर चले गये नारायणपुर में उसी रात को मेडिकल स्टोर्स खुशी जूता दुकान में चोरी किये वहां से सुबह आकर चारामा किराये के मकान लेकर रह रहे थे।

राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष ने कोंडागांव जिले का किया दौरा

कोंडागांव/नवप्रदेश। राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री गिरिधारी नायक ने आज कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला अस्पताल और छात्रावास का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने बैठक लेकर महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा एवं उनके अधिकार के संरक्षण तथा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में निर्धारित एजेंडवार जानकारी कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और एसपी श्री पंकज चंद्रा द्वारा दी गई। साथ ही उन्होंने निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बस्तर संभागायुक्त ने केशकाल में पीएमश्री विद्यालय का किया निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। बस्तर संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने मंगलवार को पीएमश्री विद्यालय केशकाल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयीन स्टाफकी बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की और संसाधनों की उपलब्धता और आवश्यकता की जानकारी ली। उन्होंने पीएम श्री योजना के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति जल्द करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया और विद्यार्थियों हेतु कम्प्यूटर की व्यवस्था करने तथा सभी स्टाफको ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

विकसित भारत विजन 2047 को लेकर लिया गया संकल्प

ग्राम कौडोखसगांव में जन चौपाल का आयोजन

अंतागढ़/नवप्रदेश। जन चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कौडोखसगांव में श्रमिकों एवं ग्रामीणों के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन 2047 के लक्ष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। बैठक में VB G RAM G आजीविका मिशन के संबंध में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि किस प्रकार स्वरोजगार, स्व-सहायता समूह एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे। मंडल प्रभारी गोलू माहवे ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विकसित भारत विजन 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर गांव और हर परिवार के विकास का संकल्प है। हमें योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करना है।÷ मंडल अध्यक्ष महेश उइके ने अपने संबोधन में कहा, किसान, श्रमिक और ग्रामीण वर्ग देश की रीढ़ हैं। जब गांव आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तभी भारत विश्व शक्ति के रूप में स्थापित होगा। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हुपेन्द्र साहू ने कहा, युवा शक्ति को आजीविका मिशन से जोड़कर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। हम सभी मिलकर गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी गोलू माहवे, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हुपेन्द्र साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र आँचला, सरपंच पारस कौडो, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी कैलाश पोटाई, किसान मोर्चा मंडल कोषाध्यक्ष कमलेश नेताम, राम नेताम सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर व एसपी ने नवीन बस स्टैंड का किया निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चंद्रा ने आज नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण किया और बस स्टैंड के सुचारू संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पुलिस सहायता केंद्र शुरू करने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश डे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने रखीं कई मांगें, जनदर्शन में सुनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान जिले के दूर-दराज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। लोग प्रशासन पर विश्वास रखते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा लेकर यहां आते हैं, इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएं।

जनदर्शन में विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए, इनमें ग्राम नुनियाकछार की कलेश बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। लालाकापा की इस्माइली ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने, ग्राम टिंगीपुर की प्रीति गोस्वामी ने दसवीं कक्षा की अंकसूची में नाम संशोधन कराने, काली मंदिर वार्ड के निवासियों ने जर्जर एवं झुके हुए विद्युत तारों को बदलवाने की मांग रखी, जिससे संभावित दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। वहीं ग्राम केस्तरपुरा के विनोद कुमार ने नक्शा बटांकन एवं सीमांकन कराने, ग्राम कारेसरा के मनीराम ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कठौतिया के लालाराम प्रधान ने आधार कार्ड में त्रुटि सुधार कराने सहित अन्य लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणवार समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल हल किया जाए। जटिल मामलों में जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए तथा आवेदक को प्रकरण की स्थिति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, पथरिया एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

नवाचार, स्टार्टअप व उद्यमिता संस्कृति जागरूकता शिविर का आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा द्वारा मंगलवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ इनोवेशन एवं स्टार्टअप प्रमोशन पॉलिसी 2025-30 एवं औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रावधान अंतर्गत प्रक्रिया, अनुदान, छूट एवं रियायतों संबंधी जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। स्टार्टअप शिविर में लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अश्विनी शुक्ला एवं सहायक प्रबंधक संदीप पन्ना, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य चन्देश्वर सिंह पैंकरा, कार्यक्रम समन्वयक एवं ट्रेनिंग सेल प्रभारी माधुरी पाठक आदि उपस्थित रहे।

26 फरवरी को होगी शांति समिति की बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। आगामी 04 मार्च 2026 को होली का त्यौहार एवं 21 मार्च को ईद-उल-फितर (ईद) का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहारों को शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर जिलादण्डाधिकारी की अध्यक्षता में 26 फरवरी 2026 को सायं 04:00 बजे जिलाध्यक्ष कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वसम्बन्धितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर जिलाध्यक्ष कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित होने कहा गया है।

नीट-जेईई की तैयारी करवाने इच्छुक कोचिंग संस्थानों से आवेदन आमंत्रित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरगुजा जिले में संचालित शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रावीण्यता के आधार पर 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को NEET/JEE परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदाय किया जाना है। जिस हेतु कोचिंग संस्थानों के चयन हेतु इच्छुक कोचिंग संस्थानों से आवेदन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट www.surguja.gov.in पर एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

फाईलेरिया मुक्ति अभियान 28 तक रहेगा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला मलेरिया एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अतंर्गत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि सरगुजा जिले के सभी विकासखण्डों में 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक संचालित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में सामूहिक दवा सेवन की अवधि 28 फरवरी 2026 तक बढ़ाये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी की गई है, जिस तारतम्य में सरगुजा जिले में भी 28 फरवरी 2026 तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चालाया जाएगा। इस दौरान छूटे हुये जनसमुदाय को फाइलेरिया रोधी दवाईयां डीईसी एल्बेन्डाजोल एवं आईवरमेक्टीन दवा प्रशासकों द्वारा गृह भेंट कर खिलाई जाएगी।

माँ महामाया एयरपोर्ट में कप्यूटर कौशल परीक्षा आज

अंबिकापुर/नवप्रदेश। माँ महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर के नोडल अधिकारी ने बताया कि रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु पदवार प्राप्त दावा/आपत्ति का निराकरण कर अंतिम पात्र सूची पदवार जारी किया गया था। जिसमें संशोधन करते हुए असिस्टेंट ग्रेड-× के मेरिट सूची में से स. क्र. 01 से 20 तक के अभ्यथियों का मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत कप्यूटर कौशल परीक्षा हेतु 26 फरवरी 2026 को समय प्रातः 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में आयोजित किया गया है। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 01 घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है। उक्त स.क्र. 01 से 20 तक कंप्यूटर कौशल परीक्षा में पात्र न होने पर मेरिट सूची के आधार पर प्राथमिकता दिया जायेगा। कौशल परीक्षा की अवधि ×0 मिनट एवं कौशल परीक्षा का अंक ×0 है। उन्होंने बताया कि अन्यर्थी अपने साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस /पेन कार्ड/आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन या अन्य कोई ऐसी वस्तु जिसमें परीक्षा हेतु व्यक्तिगत लाभ हो सकता है. साथ में रखना वर्जित रहेगा।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात् जनदर्शन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पूछताछ में जुर्म कुबूलने के बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। थाना सक्ती में दर्ज अति गंभीर मर्ग क्रमांक 13/2026 की विस्तृत जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतिका दिशा मरावी पिता जयकुमार मरावी, निवासी वार्ड क्र 11, झूलकदम रोड, सक्ती को आरोपी योगेन्द्र साहू पिता यशवंत साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सकरेली कला, थाना सक्ती द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था। आरोपी द्वारा मृतिका को बार-बार जातिगत गाली-गलौच कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था तथा उस पर विभिन्न प्रकार के दबाव डाले जाते थे।जांच में प्राप्त परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से प्रथम दृष्टया यह स्थापित हुआ कि आरोपी की प्रताड़ना से त्रस्त होकर मृतिका का सिंग ढाबा के ऊपर स्थित शिवम् होटल के कमरा नंबर 105 में तारपीन तेल से लगी आग के कारण ही उसकी मृत्यु हो गई।मर्ग जांच के आधार पर अपराध क्रमांक 91/2026 धारा 108 बीएनएस एवं 3(2)(5), 3(1)(ध) एसटी/एससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर (भा.पु.से.) द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, एसटी/एससी एक्ट अंतर्गत प्रकरण होने के कारण अग्रिम विवेचना अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा द्वारा की जा रही थी।विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी कर दिनांक 24.02.2026 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को विधिवत जप्त किया गया। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी योगेन्द्र साहू को दिनांक 24.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।*उक्त कार्यवाही में विवेचना अधिकारी डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) सक्ती के नेतृत्व में निरीक्षक लखन लाल पटेल (थाना प्रभारी सक्ती), उप निरीक्षक भूपेन्द्र चंद्रा एवं प्र.आर. शब्बीर मेमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सख्त कार्यवाही

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर (भा.पु.से.) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, एसटी/एससी एक्ट अंतर्गत प्रकरण होने के कारण अग्रिम विवेचना अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा द्वारा की गई। इस कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल (थाना प्रभारी सक्ती), उप निरीक्षक भूपेन्द्र चंद्रा एवं प्र.आर. शब्बीर मेमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण

मोमिनपुर, नवागढ़ वार्ड में पीलिया नियंत्रण हेतु सर्वे सभी सैंपल पाए गए नेगेटिव

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अंबिकापुर, जिलादृसरगुजा (छ.ग.) के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र अंबिकापुर के मोमिनपुर एवं नवागढ़ वार्ड में पीलिया के संभावित फैलाव की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। दिनांक 24.02.2026 को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की 35 नर्सिंग छात्राओं द्वारा घर-घर सर्वे कर संदिग्ध मरीजों के सैंपल लिए गए। इससे पूर्व दिनांक 23.02.2026 को लिए गए पीलिया के सभी सैंपल की जांच रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र में वर्तमान स्थिति नियंत्रण में पाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन, स्वच्छ पेयजल एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि पीलिया के लक्षण जैसे आंखों एवं त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी, भूख न लगना, उल्टी अथवा बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं तथा स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

स्वस्थ बचपन की दिशा में वजन त्यौहार बना सशक्त माध्यम

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में वजन त्यौहार का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6वर्ष तक के बच्चों का वजन कर उनके पोषण स्तर का आकलन किया जा रहा है। वजन त्योहार के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं

सहायिकाएं घर-घर संपर्क कर पालकों से भेंट कर रही है और आंगनबाड़ी केंद्र तक ला रही हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन कर उन्हें सामान्य, मध्यम कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित श्रेणियों में चिन्हांकित किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर अतिरिक्त पोषण, चिकित्सकीय परामर्श एवं विशेष देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। वजन त्यौहार के दौरान माताओं को सुपोषण, संतुलित आहार, स्तनपान, टीकाकरण एवं साफ-सफाई के महत्वके बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। जिन बच्चों में कुपोषण की आशंका पाई जा रही है, उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र, स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पूरक पोषण आहार से जोड़ा जा रहा है।

उपभोक्ताओं को मिलेगा बेहतर वोल्टेज, विद्युत आपूर्ति होगी सुदृढ़

अंबिकापुर/नवप्रदेश। एसटीएन योजना के अंतर्गत लखनपुर 33/11 केवी उपकेंद्र में स्थापित 3.15 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 5.0 एमवीए कर दी गई है। उन्नत पावर ट्रांसफार्मर को दिनांक 24 फरवरी 2026 को सायं 5:32 बजे सफलतापूर्वक चार्ज कर विद्युत तंत्र से जोड़ दिया गया।

यह कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेडके संचालन एवं संधारण संभाग, अम्बिकापुर के कार्यपालन अभियंता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तकनीकी टीम द्वारा सभी आवश्यक परीक्षण एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए ट्रांसफार्मर का सफल संचालन प्रारंभ किया गया। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से लखनपुर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहे विद्युत भार को संतुलित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इससे उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज, अधिक स्थिर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी।

बजट राज्य के लिए लाभदायक, हर वर्ग के लिए बेहतर : मंत्री जायसवाल

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बजट 2026-27 में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिली ऐतिहासिक प्राथमिकता पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह इस सरकार का तीसरा बजट है, जो प्रदेश की 3 करोड़ जनता के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए समर्पित है। पिछले दो वर्षों में हासिल विकास की गति को यह बजट और तेज करने तथा छत्तीसगढ़ अंजोर, 2047 के लक्ष्यो की दिशा में आगे बढने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। यह बजट छत्तीसगढ़ को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने का संकल्प है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह बजट प्रदेश के लिए लाभदायक और हर वर्ग के लिए बेहतर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री की वित्तीय प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य विभाग को व्यापक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के शासकीय कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय ऐतिहासिक है। मंत्री जायसवाल ने बताया कि बजट में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अंबिकापुर एवं धमतरी में जिला अस्पताल भवन निर्माण,

रायपुर (कालीबाड़ी) में 200 बिस्तरों वाले एमसीएच की स्थापना तथा चिरमिरी में जिला अस्पताल निर्माण जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने कहा कि दुर्ग, कोंडागांव, जशपुर और रायपुर में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र, दंतेवाड़ा, मनेन्द्रगढ़, कवर्धा, जांजगीर-चांपा एवं कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज तथा कांकेर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़, सरिया और महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। राजनांदगांव में फिजियोथेरेपी कॉलेज और रायपुर में उन्नत कार्डियक इंस्टिट्यूट की स्थापना से विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। इसके साथ ही 25 डायलिसिस केंद्र, 50 जन औषधि केंद्र तथा 25 से अधिक PHC, SHC एवं CHC भवन निर्माण का प्रावधान ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और व्यापक बनाएगा। बिलासपुर में स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट तथा रायपुर में राज्य के पहले होम्योपैथी कॉलेज की स्थापना को भी मंत्री ने ऐतिहासिक निर्णय बताया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में अधोसंरचना विस्तार हेतु 25 करोड़ रुपये का प्रावधान गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। मंत्री जायसवाल ने कहा, 'यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के बेहतर स्वास्थ्य, समग्र विकास और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के प्रति मैं प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बजट 2026-27 के ये प्रावधान छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

राजनीति

सचिव हटाए जाने के फैसले के खिलाफ उपसरपंच सहदेव यादव के नेतृत्व में विरोध

ग्राम पंचायत करूपान के जनप्रतिनिधियों ने किया सामूहिक इस्तीफा ऐलान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले से स्थानीय राजनीति की एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जनपद पंचायत मुंगेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत करूपान के जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के एक फैसले के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सामूहिक इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को करूपान पंचायत के उपसरपंच सहदेव यादव के नेतृत्व में कुल 9 पंचों ने कलेक्टर (जनदर्शन) को अपना इस्तीफा सौंपते हुए पदों को रिक्त घोषित करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत करुपान में सचिव को हटाए जाने के मुद्दे को लेकर उपसरपंच सहित 9 पंचों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र सौंपते हुए जिला कलेक्टर से पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।पंचों की शिकायत है कि ग्राम पंचायत करुपान के सचिव सुशील सिंह ठाकुर को बिना पंचायत प्रतिनिधियों की जानकारी के हटा दिया गया।

सचिव का स्थानांतरण ग्राम पंचायत भालापुर किया गया। जिसे यथावत रहने का आवेदन दिया गया। पंचों ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उन्हें यह सूचना मिली है कि करुपान में एकतरफा सचिव का प्रभार हरिशंकर धीरही को दे दिया गया है, जिसे वे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में पंचायत

के निर्वाचित प्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया गया, जिससे नाराज होकर उन्होंने सामूहिक त्यागपत्र देने का निर्णय लिया। उपसरपंच सहदेव यादव, पंच रीना साहू, पंच रेनू साहू, पंच सरिता यादव, पंच सती बाई भारकर, पंच ईश्वर पाटले, पंच कमलेश्वरी साहू, पंच दुर्गा साहू, पंच जवाहर यादव सभी ने हस्ताक्षर कर जिला कलेक्टर को संबोधित पत्र में अपना त्यागपत्र स्वीकार करने और पंचायत में रिक्त पद घोषित करने की मांग की है। पंचों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएं और पंचायत की सहमति के बिना लिए गए निर्णयों को निरस्त किया जाएं। उनका कहना है कि पंचायत की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पारदर्शिता जरूरी है।

कलेक्टर ने ली आधार एमबीयू अपग्रेडेशन को लेकर समीक्षा बैठक, शत-प्रतिशत लक्ष्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आधार एमबीयू अपग्रेडेशन के संबंध में विकासखंड स्त्रोत केंद्र, सक्ती में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और संकुल शैक्षिक समन्वयक की उपस्थिति में स्कूली छात्र छात्राओं के आधार एमबीयू अपग्रेडेशन को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विद्यार्थियों के आधार एमबीयू अपग्रेडेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का आधार एमबीयू अपग्रेडेशन निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि आधार सत्यापन एवं अपग्रेडेशन से छात्र-छात्राओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं छात्रवृत्ति का लाभ समय पर प्राप्त हो सकेगा। कलेक्टर श्री तोपनो ने संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने संकुल अंतर्गत विद्यालयों

की सतत मॉनिटरिंग करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आधार एमबीयू अपग्रेडेशन कार्य शासन की प्राथमिकता में है। अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता से कार्य करते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर नियमित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित विकासखंड सक्ती के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।

आधार एमबीयू अपग्रेडेशन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थियों के हित में इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक में विभागीय दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि आधार एमबीयू अपग्रेडेशन कार्य शासन की

न्यूज गैलरी

जेईई मेंस में अनीश जोशी ने हासिल की सफलता, 63.43% अंक प्राप्त

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय के गणित संकाय के छात्र अनीश जोशी ने जेईई मेंस परीक्षा में 63.43 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफल हुए। सफलता का श्रेय छात्र व शिक्षक की मेहनत का परिणाम है। छात्र के इस सफलता पर विद्यालय परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी, प्राचार्य आशा दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं संस्था अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं। विगत 7 वर्षों से लगातार जेईई मेंस में सफल हो रहे हैं। उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने दी।

बिना अनुमति नलकूप खनन पर प्रतिबंध, शासकीय एजेंसियों को छूट

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुन्दन कुमार ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण जिले को आगामी आदेश पर्यंत तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए यह आदेश जारी किया है। इस अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। कलेक्टर ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में दो रूपये की शुल्क जमा कर कार्यालयीन समयावधि में आवेदनकर्ता आवेदन प्राप्त कर सकता है। निर्धारित आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी सहित संबंधित कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आवेदन करना होगा। तदानुसार आवेदन का दस दिवस के भीतर छानबीन कर उपयुक्त पाये जाने पर आवेदनकर्ता सक्षम कार्यालय से अनुमति प्राप्त कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

14 अंकों का यूनिक हेल्थ आईडी, सुरक्षित रहेगी पूरी मेडिकल हिस्ट्री

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची बनवाने के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। मरीज अथवा उनके परिजन घर बैठे मोबाइल ऐप 'आभा' के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित 'आभा' मोबाइल एप्लीकेशन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और सुलभ बनाना है। इस ऐप के माध्यम से मरीज अपने मोबाइल पर ही ओपीडी पंजीयन कर सकते हैं। खास बात यह है कि प्रत्येक पंजीकृत मरीज को एक डिजिटल 'आभा कार्ड' प्राप्त होगा, जिसमें एक विशिष्ट 14 अंकों का यूनिक आईडी नंबर होगा। इस आईडी में मरीज की संपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी, पूर्व जांच रिपोर्ट और उपचार विवरण सुरक्षित रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि इस सुविधा से किसी भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में मरीज की मेडिकल हिस्ट्री तत्काल उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उपचार प्रक्रिया और अधिक सटीक एवं त्वरित होगी। यह पहल स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. राय ने बताया कि 'आभा' ऐप का उपयोग पूरी तरह निःशुल्क है और इसे आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर सरल बनाया गया है। पंजीयन के समय मरीज या परिजन को अस्पताल परिसर में प्रदर्शित क्यूआर कोड स्कैन करना होगा, जिससे संबंधित जिला अस्पताल का चयन स्वतः हो जाएगा।

जल आपूर्ति की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जल एवं स्वच्छता मिशन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सम्पन्न हुई। उन्होंने जिले में योजनांतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करें, निर्धारित मापदण्ड अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने जल स्त्रोतों के निर्माण के लिए सभी कार्यों को 31 मार्च के पूर्व समाप्त करने के निर्देश दिए। वहीं समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने दिवाई टिकरा समूह जल प्रदाय योजना का इंटेक वेल का कार्य तत्काल प्रारंभ करते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण करने निर्देशित किया। बैठक में ठेकेदारों के समस्त अनुबंध के कार्यों की समीक्षा की गई तथा 3 ठेकेदारों के अनुबंधों को ब्लैक लिस्ट में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता ने जिले में उपलब्ध पेयजल स्त्रोतों की जानकारी दी।

बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया- किसी ने सराहा, तो किसी ने बताया निराशाजनक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लिए छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा पेश किए गए इस बजट में मुंगेली को कई महत्वपूर्ण पुल और सड़क परियोजनाओं की सौगात मिली है। कुल मिलाकर, मुंगेली के लिए यह बजट कनेक्टिविटी का बजट रहा।

सभी वर्गों के लिए बजट-बजट में किसानों युवाओं और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। किसानों के विकास के लिए 17210 करोड़ का प्रावधान है. तो यहीं महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है।
-पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली

बहुआयामी विकास की कल्पना-सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट बनाया गया है। इसमें सभी वर्गों के बहुआयामी विकास की कल्पना की गई है। उद्योग के क्षेत्र में 3064 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।
-दीनानाथ केशरवानी भाजपा जिलाध्यक्ष

नई दिशा देने वाला बजट-सरकार का यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देने वाली बजट है इस बजट से छत्तीसगढ़ एक विकसित और मजबूत छत्तीसगढ़ बनने की और से अग्रसर होगा।
-उमाशंकर साहू

बेरोजगारों को छला गया

कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा

कि बेरोजगार युवकों को फिर झूठे आश्वासनों से छला गया है। युवाओं के रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।
-घनश्याम वर्मा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

बजट को निराशाजनक

कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक

करार देते हुए कहा कि यह आम आदमी की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। बजट से आम आदमीयों को काफी अपेक्षाएं थी जो पुरी नही हुई।
-नवनीत शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी

संविदा कर्मियों से फिर छलावा

संविदा कर्मियों से फिर छलावा-बजट

में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार प्राथमिकता में नहीं है। यह कारपोरेट हिंत और खनिज दोहन को बढ़ावा देता है। बिलासपुर एयरपोर्ट पर कोई घोषणा न होना उपेक्षा चरार्णता है। **-संजीत बेनर्जी**

पूंजीपतियों के लिए बजट

बजट को पूंजीपतियों के हित में है।

बजट में सरकार शिक्षा और रोजगार मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस बजट मूलभूत जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया गया है।
-दीपक गुप्ता कांग्रेस

सभी को मिलेगा लाभ

बजट से युवा, महिला और किसान सभी

को इससे लाभ मिलेगा। आत्मनिर्भरता से अर्थव्यवस्था की रफ्तार मिलेगी। महतारी वंदन योजना 8.200 करोड का प्रावधान है।
-पवन पाण्डेय

ग्रामीण विकास की ठोस योजना नहीं

बजट में ग्रामीण विकास की ठोस योजना नहीं है। रेलवे विकास, सिटी बस और

एक लाख सरकारी नौकरियों के वादे पूरे होते नहीं दिखते। महंगाई पर नियंत्रण नहीं हैं। बजट में बेरोजगारी भत्ता रोजगार सृजन और रिक्त पदों की भर्ती पर कोई ठोस प्रावधान नहीं है। ग्रामीण विकास और पंचायतों को भी अपेक्षित राशि नहीं मिली।
-स्वतंत्र मिश्रा

1097 करोड का प्रावधान

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह बजट गरीब, किसान और

युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है इस बजट में युवाओं के लिए 1097 करोड का प्रावधान रखा गया है।
-नितेश भारद्वाज मुंगेली, भाजपा

1097 करोड का प्रावधान

व्यापारी वर्ग निराश-छत्तीसगढ़ का 2026 27 का

बजट आम जनता और व्यापारी वर्ग के लिए निराशाजनक है। युवाओं, महिलाओं. राहत नहीं दी गई।
-नरेन्द्र कोटडिया

कृषि उन्नति योजना स्वागतेय

किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए बजट में सरकार ने कृषि उअति योजना के लिए 10 हजार करोड़ किया है जी स्वगतेय है। **-लोकनाथ सिंह ठाकुर**

जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्रवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय अनियमितता के मामले में कार्रवाई करते हुए उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग, अम्बिकापुर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 प्रदीप कुमार अम्बष्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विवरण क्रमांक-1 अंतर्गत हितग्राहियों के अंशदान की राशि रु. 44,54,700 (शब्दों में - चौवालिस लाख चौवन हजार सात सौ मात्र) उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, अम्बिकापुर जिला सरगुजा के खाता क्रमांक 32384036588 में जमा नहीं की गई। वहीं विवरण क्रमांक-2 अंतर्गत पशु रोगी कल्याण समिति, सरगुजा के खाता क्रमांक 1037917860 में राशि रु. 63,29,640 (शब्दों में दू तिरसठ लाख उन्नीस हजार छह सौ चालीस मात्र) जमा नहीं किए जाने का मामला सामने आया। इस संबंध में श्री अम्बष्ट को दिनांक 13.07.2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, किंतु उनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात कार्यालय आदेश क्रमांक 638/स्थापना/दिनांक 22.07.2025 एवं 639/स्थापना/दिनांक 22.07.2025 के माध्यम से 5 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति द्वारा दिनांक 28.07.2025 एवं 01.08.2025 को प्रस्तुत प्रतिवेदन में पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय पत्र क्रमांक 673/दिनांक 29.07.2025 एवं 722/दिनांक 08.08.2025 के माध्यम से पुनः कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, किंतु संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री का पुतला दहन, केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक एवं दमनात्मक कार्रवाई बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जबरन गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर

अपना विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारा, शहर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव, मकबूल खान, अभिलाष सिंह, जित्तू श्रीवास्तव, राहुल रूपवानी, आरिफ खोखर, कुलदीप पाटले, नारद देवांगन, असद खोखर, नवशाद खान, जलेश यादव, नीरज यादव, पोखराज बंजारा, सजल यादव, ललित जायसवाल, निखिल साहू, शिवम साहू, लल्लू खान, आसिफ खान, प्रिंस यादव एवं मुकेश वैष्णव सूरज अन्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

एनसीईआरटी किताब में ...

कपिल सिब्बल ने उठाया था। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि मुझे इसकी पूरी जानकारी है। यह पूरे ज्यूडीशियल इंस्टीट्यूशन के लिए चिंता की बात है। यह सोचा-समझा कदम लग रहा है। मैं किसी को भी, चाहे वे कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हों, इंस्टीट्यूशन को बदनाम नहीं करने दूंगा। मैं इस मामले पर खुद नोटिस ले रहा हूं।

सोशल साइंस टेक्स्टबुक में ज्यूडीशियरी में करप्शन पर चैप्टर

एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को जारी नई टेक्स्ट बुक 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' में 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' टॉपिक के अंदर ज्यूडिशियरी में करप्शन का टॉपिक जोड़ा है। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी है। सोशल साइंस की इस किताब में लिखा गया है- 'Justice delayed is justice denied', यानी इंसाफ में देरी नाइंसाफी की तरह है। यहां सुप्रीम कोर्ट में 81 हजार, हाईकोर्ट्स में 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सब ऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है।

किसान की बेटी ने पास की ...

140 अंक प्राप्त किए, जिससे उनका कुल स्कोर 787 रहा। नंदिनी की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बधाई देते हुए इसे पूरे हिमाचल के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि नंदिनी की सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

किसान की बेटी का कमाल

नंदिनी के पिता संजय ठाकुर एक किसान हैं और उनकी माता राजरानी गृहिणी हैं। उनका छोटा भाई आदित्य ठाकुर अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है।

जियो साइंटिस्ट क्या करते हैं?

कांग्रेस भ्रष्टाचार ....

कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां पहले स्कूल जलाए जाते थे और हथियारों की फैक्ट्रियां संचालित होती थीं, वहीं आज बस्तर में स्कूल संचालित हो रहे हैं, अस्पताल खुल रहे हैं और लोगों को बेहतर उपचार मिल रहा है। पुनर्वास नीति के कारण बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

बलौदाबाजार में सड़क हादसा...

रूप से घायल आरक्षक प्रशांत धर दीवान को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

एसीबी ने एसआई को...

का सबूत मांगा। एएसआई भी इस घटना में शामिल था। पुलिस ने उसे अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है।

पीलिया का कहर: दूषित...

लाल की भी पीलिया से मौत हो चुकी है। लगातार हो रही मौतों से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताया है। शहर में फैल रहे पीलिया के पीछे दूषित पेयजल आपूर्ति को मुख्य कारण माना जा रहा है। नवागढ़, घुटरापारा, नमनाकला सहित कई वार्डों में पीलिया के मरीज सामने आ चुके हैं। अब तक 40 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई किया जा रहा है।

मारे जाते पाकिस्तानी पीएम...

युद्ध हो सकता था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने मुझसे कहा कि अगर मैं हस्तक्षेप न करता तो 3.5 करोड़ लोगों की मौत होती। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले 'स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन' के दौरान अपनी उपलब्धियों का बखान करते हुए ये दावे किए। डोनाल्ड ट्रंप ने जिन युद्धों को सुलझाने का दावा किया है, उनमें- इजरायल और हमास, इजरायल और ईरान, मिस्र और इथियोपिया, भारत और पाकिस्तान, सर्बिया और कोसोवो, रवांडा और कांगो, आर्मेनिया और अजरबैजान, कंबोडिया और थाईलैंड के बीच के संघर्ष शामिल हैं।

बिलासपुर हाईकोर्ट को बम...

पर नजर रखी जा रही है। जबकि बाकी सुरक्षा एजेंसियां भी मौके पर तैनात हैं।

सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी

उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों को इसी तरह के धमकी भरे ई-मेल मिलते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई जिलों में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। जिनमें व्यापक जांच और सर्च ऑपरेशन चलाए गए, लेकिन भेजने वालों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई।

सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी : फिलहाल पुलिस और साइबर टीम ईमेल के स्रोत को ट्रेस करने में जुटी है।

बजट संकल्प से सिद्धि को समर्पित: भाजपा

विकास की रफ्तार को नई गति देगा बजट

वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। ऐतिहासिक बजट को संकल्प थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है, जो संवेदनशील, जवाबदेह और दूरदर्शी सरकार की सोच को दर्शाता है। बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर वर्ग–किसान, युवा, महिला, विद्यार्थी, कर्मचारी और व्यापारी के सपनों को साकार करने का संकल्प है। दुर्ग जिले को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जो शहर के शैक्षणिक, स्वास्थ्य और अधोसंरचनात्मक विकास को नई ऊंचाई देंगी। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जेल तिराहा से महाराजा चौक होते हुए मिनीमाता चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण का कुछ ही दिन पूर्व भूमिपूजन किया गया था। आज बजट में महाराजा चौक पर लगभग 3 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। फ्लाईओवर के निर्माण से आवागमन पहले से सुरक्षित और सुगम होगा। दुर्ग को मुख्यमंत्री सड़क सुगम योजना अंतर्गत प्रदेश में 36 सड़कों का निर्माण, जिससे दुर्ग सहित क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी। भिलाई में 10 करोड़ की लागत से व्यवसायिक परिसर का निर्माण होगा। दुर्ग के कन्या महाविद्यालय का उन्नयन और 3 करोड़ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने दुर्ग में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, दुर्ग में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। बजट में शिक्षा विभाग को सर्वाधिक 22 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। 150 विद्यालयों के लिए 100 करोड़ की घोषणा, 500 प्राथमिक, 100 मिडिल, 50 हाई और 50 हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के लिये 123 करोड़ का प्रावधान, प्रदेश के विभिन्न जिलों में 100 करोड़ की लागत से नए मॉडल विद्यालय, बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों का भ्रमण, सभी नालंदा परिसरों में एजुकेशन एवं करियर काउंसिलिंग व्यवस्था, जिला स्तर पर किराए के मकान में रहकर पढ़ने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किराया अनुदान, प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज रायपुर में स्थापित किया जाएगा। बजट दुर्ग सहित पूरे प्रदेश के संतुलित विकास का सशक्त रोडमैप है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया है।

गजेंद्र यादव, शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन

नवा भिलाई' और 'सशक्त वैशाली नगर' की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बजट

वैशाली नगर विधानसभा के लिए बजट 'सौगातों का पिटारा' है। बजट में भिलाई की महानगरीय छवि को निखारने के लिए खजाना खोल दिया गया है। भिलाई के यातायात को सुगम बनाने नए फ्लाईओवर और अंडरब्रिज के निर्माण हेतु राशि आवंटित की गई है। वैशाली नगर क्षेत्र में नए शासकीय कॉलेज और कौशल विकास केंद्रों की स्थापना के निर्णय से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। जिला अस्पताल और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और नई चिकित्सा मशीनों के लिए किए गए प्रावधान ऐतिहासिक हैं। यहां की आंतरिक सड़कों के डामरीकरण और वार्डों के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया गया है। वैशाली नगर को छत्तीसगढ़ की सबसे व्यवस्थित और आधुनिक विधानसभा बनाने का लक्ष्य है। बजट में भिलाई के विकास के लिए जो विजन दिखा है, उससे साफ है कि हमारी सरकार 'अंत्योदय' के साथ-साथ 'शहरी विकास' को नई ऊंचाई दे रही है। भिलाई अब केवल स्टील सिटी नहीं, बल्कि स्मार्ट एजुकेशन और हेल्थ हब के रूप में जाना जाएगा। बजट से वैशाली नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास के पहिए को नई गति मिलेगी और क्षेत्र का कायाकल्प सुनिश्चित होगा।

रिकेश सेन, विधायक वैशाली नगर

जिले को मिली सौगातों से मिलेगी नई दिशा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के संकल्प को साकार करने वाला, जनआकांक्षाओं को पूरा करने वाला और सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बजट है। बजट में दुर्ग जिले के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शहर के व्यस्ततम महाराजा चौक में 3 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर निर्माण का प्रावधान किया गया है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मोहन नगर पुलिस थाना के लिए नवीन भवन निर्माण का प्रावधान किया गया है। दुर्ग में नए छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) की स्थापना की सौगात युवाओं और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का प्रावधान, जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र दुर्ग के भवन निर्माण हेतु प्रावधान, स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु 20 करोड़ रुपये, भिलाई में व्यावसायिक परिसर के निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपये, भिलाई में मॉडल उपपंजीयक भवन के बजटीय प्रावधान किये गए हैं। दुर्ग जिले को शानदार सौगातें मिली है।

राजेन्द्र पाध्ये, भाजपा नेता दुर्ग

गांव से शहर तक विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा

बजट में बस्तर से लेकर सरगुजा तक सौगातों की झड़ी है। बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 1725 करोड़, जल जीवन मिशन 3000 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2000 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान 1500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास शहरी 825 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा 820 करोड़, महिलाओं के नाम पर संपत्ति क्रय में पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन हेतु 5 करोड़, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन हेतु 100 करोड़, प्रतियोगी परीक्षा के लिए 33 करोड़, कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना हेतु 600 करोड़, लोकनिर्माण विभाग में 9,450 करोड़, मुख्यमंत्री आदर्श शहर योजना समृद्धि योजना 200 करोड़, महतारी वंदन योजना 8200 करोड़, मुख्यमंत्री खाद्यान्य योजना 6500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 4000 करोड़, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में 1500 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान हेतु 1500 करोड़, विकसित भारत जी राम जी योजना के लिए 4000 करोड़ के प्रावधान सहित छत्तीसगढ़ राज्य के सभी वर्गों व क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बजट विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है, जिसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, व्यापारी, श्रमिक एवं उद्यमियों सभी वर्गों व क्षेत्रों के हितों का समावेश किया गया है। बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार सृजन, स्टार्टअप, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने वाले प्रावधान किए गए हैं। बजट वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला भी रखता है।

जितेन्द्र वर्मा, मंत्री, प्रदेश भाजपा, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ की जनता के आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट

छत्तीसगढ़ सरकार का बजट गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है। साय सरकार के पहले वर्ष के बजट की थीम ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) थी। जबकि पिछले वर्ष के बजट की गति (गुड गवर्नेंस, एक्सीलेरैटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ) की रणनीति अपनाते हुए इसे संकल्प (समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक) की अवधारणा में बजट के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है। लोक निर्माण हेतु इस वर्ष 9451 करोड़ रुपए, जल जीवन मिशन योजना हेतु 3,000 करोड़, मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पिछले 25 वर्षों में हुई 30 गुना बढ़ोतरी को ऐतिहासिक है। इससे स्कूलों में बच्चों की बढ़ती संख्या और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाएगी। सड़कों का जाल बिछाने और आधुनिक शहरी नियोजन की दिशा में सार्थक कार्य होंगे।

अलका बाघमार महापौर, दुर्ग नगर निगम

दिशाहीन बजट में आंकड़ों की बाजीगरी: कांग्रेस

संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट

साय सरकार का बजट जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज है। समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता और राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित बजट है। बजट राज्य की नीति को प्रदर्शन में, निवेश को परिणामों में और आकांक्षाओं को प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्धियों में बदलने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को 2047 तक 'विकसित राज्य' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। बजट 'ज्ञान' और 'गति का संगम' और 'विकसित छत्तीसगढ़' का आधार स्तम्भ है। बजट में कृषक उन्नति योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए प्रावधान से स्पष्ट है कि सरकार किसानों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। बिना किसी नए कर के राजस्व बढ़ाना और किसानों को समय पर इनपुट सब्सिडी देना प्रशंसनीय है। बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है। 'अटल निर्माण वर्ष' के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। 'महतारी वंदन योजना' के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ महिलाओं के स्वरोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बजट में सड़क, बिजली और ग्रामीण विकास (गति) के लिए आवंटित भारी भरकम राशि से राज्य के सुदूर वनांचलों तक विकास की किरण पहुँचेगी। दुर्ग में महाविद्यालय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए राशि का समायोजन करना, एआई मिशन का उद्देश्य राज्य की उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनाना है। युवाओं में कौशल विकास एआई आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा और प्रशासन, कृषि, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में एआई के उपयोग को प्रोत्साहित करना भी इसका उद्देश्य है। कुल मिलाकर आम जनमानस की अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट है।

सुरेंद्र कौशिक, अध्यक्ष जिला भाजपा, दुर्ग

दिशाहीन और आंकड़ों की बाजीगरी पर आधारित बजट

वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट जनविरोधी, दिशाहीन और आंकड़ों की बाजीगरी पर आधारित बजट है। बजट प्रदेश की जनता, किसान, युवा, महिला, कर्मचारी और मध्यम वर्ग की वास्तविक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। बजट में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाली कोई ठोस और स्पष्ट योजना दिखाई नहीं देती। किसानों के संदर्भ में सरकार ने धान खरीदी, समर्थन मूल्य, बोनस और सिंचाई विस्तार जैसे मुद्दों पर स्पष्ट और ठोस प्रावधान नहीं किए हैं। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में प्रभावी रोडमैप का अभाव है। यह किसानों के साथ वादाखिलाफी है। लाखों बेरोजगार युवाओं को बजट से भारी निराशा हाथ लगी है। रिक्त सरकारी पदों को भरने के लिए कोई भी बड़ी भर्ती परीक्षा घोषित नहीं की गई है। कौशल विकास और रोजगार सृजन के नाम पर केवल औपचारिक घोषणाएं की गई हैं। लगातार हड़ताल में बैठे डीएड अभ्यर्थी, रसोईया के लिए भी इस बजट में कोई राहत नही मिला है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में भी अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की गई है। ग्रामीण अंचलों में स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों की समस्या गंभीर है। बजट में इन समस्याओं के स्थायी समाधान की स्पष्ट योजना का अभाव है।

राकेश ठाकुर, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

शहर को मिली सौगात, प्रदेश का होगा सर्वांगीण विकास

दुर्ग शहर में महाराजा चौक पर लगभग 3 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर निर्माण, कन्या महाविद्यालय का उन्नयन और 3 करोड़ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र, छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

श्याम शर्मा, सभापति नगर निगम दुर्ग

अब तक का सबसे खराब बजट

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज प्रस्तुत बजट अब तक का सबसे खराब बजट है। इसमें सिर्फ आंकड़ों का खेल है । लोक लुभावन नारा है। आम जनता को सब्जबाग दिखाए गए हैं। इस बजट से,किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी समेत किसी भी वर्ग को कोई फायदा नहीं होगा। बजट से विकास को भी कोई गति नहीं मिलेगी।

ताम्रध्वज साहू, पूर्व गृह मंत्री, छत्तीसगढ़

विकास और सुधार की बातें सिर्फकागजी

विगत 2 वर्षों के राज्य सरकार के निराशाजनक बजट की तरह इस साल का बजट भी बेहद निराशापूर्ण है। यह बजट कपोल कल्पित है, जिसमें सुधार की बात बेमानी है। विगत 2 वर्षों में गलत आर्थिक प्रबंधन के चलते राज्य कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। वित्तमंत्री का बयान सरासर झूठा है, जिसमें कहा गया है कि विगत 2 वर्ष के बजट में चुनावी गारंटी को पूरा किया गया है। वास्तविकता यह है कि एक भी गारंटी पूरा नहीं किया गया है। न युवाओं को रोजगार मिला है, न किसान समृद्ध हुए हैं। न महतारी वंदना की योजना का लाभ पात्र महिलाओं को मिल रहा है, न विधार्थियों को छात्रवृत्ति मिल रही है। विगत 2 वर्ष में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। वित्तमंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण का आकड़ा सन 2025-2026 भी भ्रामक है। इसमें वास्तविकता को छिपाया गया है।

आरएन वर्मा, पूर्व महापौर, दुर्ग

किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं

प्रदेश का बजट पूरी तरह निराशाजनक है। बजट में आंकड़ों का सिर्फ खेल है। मध्यमवर्गीय परिवार को राहत देने की कोई पहल नहीं की गई है। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, किसानों, शासकीय कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। किसानों के लिए धान खरीदी और समर्थन मूल्य पर कुछ स्पष्ट नहीं है। खाली पड़े सरकारी पदों को भरने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की बजट में उपेक्षा की गई है। शिक्षकों व चिकित्सकों की कमी को पूरा करने कोई कदम उठाए नहीं गए हैं। शराब बिक्री को लेकर भाजपा हमेशा कांग्रेस पर हमलावर रहती थी, अब शराबबंदी पर कोई बात नहीं की गई है। भाजपा सरकार का पूरा फोकस ज्यादा से ज्यादा शराब बेचने पर है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकान खुली रखने के बाद अब होली पर भी शराब दुकान खोलने की बात कही जा रही है। इसका मतलब यह है कि राज्य की माली हालत बहुत खराब हो चुकी है। कर्ज पर कर्ज लिए जा रहे हैं लेकिन यह पैसे कहां खर्च हो रहे हैं, इसका कोई हिसाब किताब नहीं है।

मुकेश चंद्राकर, अध्यक्ष, भिलाई शहर कांग्रेस कमेटी

जन आकांक्षाओ से दूर दिशाहीन बजट

साय सरकार का तीसरा बजट जन आकांक्षाओं से दूर और दिशाहीन बजट है। बजट में बड़े-बड़े आंकड़े और आकर्षक शब्दों का प्रयोग किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए ठोस प्रावधान नहीं है। केवल योजनाओं के नाम गिनाने से विकास नहीं होता, उसके लिए स्पष्ट नीति और बजटीय प्रतिबद्धता आवश्यक होती है। धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में रकबा और उत्पादन बढ़ने के बावजूद खरीदी में गिरावट आई है, जिससे किसानों में असंतोष है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने और कर्ज से राहत देने के लिए ठोस उपायों का अभाव है। इसी तरह वर्तमान निर्माण लागत को देखते हुए घोषित राशि में गुणवत्तापूर्ण मकान बनाना संभव नहीं है। आम नागरिक महंगाई और कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है, लेकिन बजट में राहत के स्पष्ट संकेत नहीं हैं। जनता से किए गए बड़े वादों और गारंटियों का बजट में उल्लेख नहीं है। बुनियादी ढांचे के नाम पर ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं जिनका लाभ स्थानीय जनता से अधिक बाहरी हितों को होगा।

धीरज बाकलीवाल, अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी दुर्ग

न्यूज गैलरी

शहर जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष, 12 महामंत्री, 12 सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्य, एक कोषाध्यक्ष, 4 प्रवक्ता, 2 सह कार्यालय प्रभारी बनाए गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने बताया कि कोषाध्यक्ष राजू भाटिया, उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह, दीपक साहू, अब्दुल गनी, अजय शर्मा, राजकुमार पाली, राजकुमार नारायणी, महामंत्री रायसेन ढिकोला, प्रकाश जोशी, जमुना साहू, अजय मिश्रा, विजय चंद्राकर, पोषण साहू, दुष्यंत देवांगन, निकिता मिलिंद, संजय बत्रा, मुकेश साहू, गौरव उमरे, राहुल शर्मा, सचिव राकेश यादव, सुरेंद्र सिंह राजपूत, मनदीप सिंह भाटिया, मुकेश राठी, जगमोहन ढीमर, भूपेंद्र सेन, खुर्शीद अहमद, वेंकट राव शास्त्री, धनंजय साहू, दीपक जैन, अविनाश यादव, सुभाष पाल व कार्यकारिणी सदस्य भोजराज यादव, शकुन ढीमर, ज्ञानू बागडे, देव सिन्हा, गिरधर शर्मा, माहेश्वरी ठाकुर, हमीद खोखर, संजय गर्ग, लता जंघेल, उमेश पटेल, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, ओमप्रकाश जोशी, नागेंद्र शर्मा व सह कार्यालय प्रभारी बृजेंद्र भारद्वाज, सुमित घोष बनाए गए हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल में शहर कांग्रेस के नई टीम को बधाई देते हुए कहा है कि गठन में सभी वर्ग और समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

किसान की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। खेत में सिंचाई के पानी को लेकर किसान की हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर मार डाला। इसके बाद लाश को खेत में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम केंवरा का है। किसान का नाम अमर सिंह साहू है। आरोपी मोहन लाल सिन्हा (48) भी किसान है। दोनों के खेत आसपास हैं। सिंचाई के पानी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। 21 फरवरी को दोनों किसानों के बीच सिंचाई के पानी को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुस्साए मोहन लाल ने धारदार हथियार से अमर सिंह पर हमला कर दिया। जिससे उसकी जान चली गई। वारदात के बाद आरोपी लाश को अमर के ही खेत में फेंककर भाग निकला।

अवैध काष्ठ परिवहन, चार वाहन जब्त

दुर्ग। वनमंडलाधिकारी दुर्ग वनमंडल द्वारा 23 व 24 फरवरी को अवैध काष्ठ परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध लकड़ी परिवहन में संलिप्त चार वाहनों को जब्त किया गया। वनमंडलाधिकारी दुर्ग के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में उडनदस्ता दल दुर्ग वृत्त तथा परिक्षेत्र सहायक भिलाई-03 की संयुक्त टीम ने 23 व 24 फरवरी को प्रातः 3 बजे से 6 बजे तक विशेष रात्रि गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से काष्ठ परिवहन करते हुए कुल चार वाहन पकड़े गए।

धर्मांतरण करने वाले 7 लोगों ने सिख पंथ में घर वापसी की

यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के प्रयासों से हुई घर वापसी

भिलाई/नवप्रदेश। सिख यूथ सेवा समिति भिलाई द्वारा मानव सेवा माधव सेवा के तहत सात लोगों की सिख पंथ में घर वापसी कराई गई। यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू व छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की उपस्थिति में गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह शहिदा सुपेला में किसी पारिवारिक स्थिति या प्रलोभन के कारण धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को सिख धर्म के सिद्धांतों और मानव सेवा से प्रभावित होकर फिर से सिख पंथ में घर वापसी कराई गई। सिख पंचायत महासचिव गुरुनाम सिंह और सिख यूथ सेवा के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि आज गुरुद्वारा के पाठी सुरेंद्र सिंह दर्दी द्वारा आनंद साहब के पाठ और अरदास व अरदास के बाद मुखवाक लेते हुए इन सभी को सिरोपाओ की बख्शीश देते हुए घर वापसी कराई गई। इस कार्य के लिए उपस्थित जनों ने सिख यूथ सेवा समिति एवं सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की तारीफ की। इंद्रजीत छोटू वीर ने कहा है कि धर्म परिवर्तन करने वालों की घर वापसी के लिए प्रयास किये जाएंगे और उनकी जरूरतों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हरसंभव मदद की जाएगी। इस तरह का प्रयास सिख समाज के साथ जारी रखेंगे। सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों ने छोटू वीर जी को इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। आज घर वापसी के प्रोग्राम मे पलविंदर सिंह रंधावा, गुरमीत सिंह गांधी, बलजिंदर सिंह कलेर, बीबी कुलवंत कौर, तजिंदर सिंह, हरपाल सिंह, जसवंत सिंह खालसा, सुच्चा सिंह, पवित्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, कुलदीप सिंह, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह लाडी, जगजीत सिंह सगु, अमन सिंह, निर्मल सिंह आदि शामिल हुई।

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका

भिलाई/नवप्रदेश। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने हाईकोर्ट में लंबित चुनावी याचिका खारिज करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनकी विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी है।

इससे पहले हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज करते हुए चुनावी याचिका को सुनवाई योग्य माना था। विधायक देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी देने और आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का आरोप है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

शुद्धिपत्र-2

ई-निविदा सूचना संख्या: 100- एस एन टी- परियोजना-निविदा- 2026, दिनांक: 20.12.2025

निविदा जमा करने की तिथि तथा समय: उपरोक्त निविदा संख्या में शुद्धि पत्र- 2 दिनांक 16.02.2026 को जारी किया गया है, निविदा खुलने के दिनांक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

विस्तृत जानकारी निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य सि. एवं दूर. इंजी.(परियोजना-III)
सीपीआर/10/712 द.पू. मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग.

- ईश्तहार -

लखनपुर दिनांक 12.02.2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जयपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकेल आ. धनू निवासी जयपुर द्वारा अपने पिता स्व. धनू का दिनांक 12.05.2005 को मृत्यु होना बताते हुए जन्म / मृत्यु रजिस्टीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रजि नियम 2001 के नियम 9 नियत (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतू आवेदक इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 27.02.2026 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय की पेशी 27.02.2026 तक अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

तहसीलदार
लखनपुर
जिला-सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.कं. / 202602140100012/अ-20(3)/2025-26

ग्राम - जामगांव प.ह.नं. 09

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पत्र क्रमांक 175 /उपकां/ साख-भूमि आबंटन / 2026 दिनांक 02.02.2026 के अनुसार ग्राम जामगांव पटवारी हल्का नं. 09 तहसील नरहरपुर में स्थित शासकीय चरनोई घांस मद की भूमि खसरा नं. 467/1 रकबा 5.52 हे. में से रकबा 1.15 हे. भूमि को कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने से अनुविभागीय, अधिकारी महोदय कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः ग्राम जामगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 467/1 रकबा 5.52 हे. में से रकबा 1.15 हे. भूमि को कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला उत्तर बस्तर कांकेर के नाम पर भूमि आबंटित करने के संबंध में किसी भी किसी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 06.03.2026 तक पेश करें नियत समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
नरहरपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

- ईश्तहार -

क्रमांक क/वा/नजूल / 2026
मुंगेली, दिनांक 24/02/26

श्रीमती शकुंतला कोठारी पति स्व. श्री अमरचंद जैन, निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)...........आवेदक

बनाम

छ.ग.शासन...............................
अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्रीमती शकुंतला कोठारी पति स्व.श्री अमरचंद जैन,** निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि **शीट नंबर 38-बी, प्लाट नं. 251/1, क्षेत्रफल 72 वर्गमीटर** का नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 10/03/2026 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 24/02/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी,
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

- ईश्तहार -

क्रमांक क/वा/नजूल / 2026
मुंगेली, दिनांक 24/02/26

श्री अनीष कुमार सोनी पिता स्व. लालमणि सोनी, निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)...........आवेदक

बनाम

छ.ग.शासन...............................
अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री अनीष कुमार सोनी पिता स्व. लालमणि सोनी,** निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली स्थित नजूल भूमि **शीट नंबर 39-सी, प्लाट नं. 186, क्षेत्रफल 215 वर्गमीटर** का नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 10/03/2026 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 24/02/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी,
मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगरसेना अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

// नीलामी सूचना //

क्रमांक/233/भण्डार / 2026 अम्बिकापुर, दिनांक-23.02.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विभाग के अन्तर्गत अम्बिकापुर जिले के निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्रियों की नीलामी **02-03-2026** दिन सोमवार के प्रातः 11:00 बजे कार्यालयीन समय में डी.सी. रोड स्थित होमगार्ड कैम्प परिसर में की जावेगी। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे- बूट एंकल जोड़, डर्बी शू जोड़, टेरिकाट शर्ट पेंट, सफेद शर्ट, नीला फुलपेंट, टोपी, मोजा, कम्बल, दर्री, ग्राउण्ड शीट, मच्छरदानी, बरसातीमय टोपी, जर्सी खाकी, नीली जर्सी, अंगोला शर्ट, सलवार कुर्ता दुपटटा साड़ी ब्लाउज पेटीकोट खाकी, हाप पेन्ट, नायलोन मच्छरदानी, मोजा, ब्राउन पी.टी. शू, सफेद पी.टी. शू, नीली सलवार कुर्ता दुपटटा साड़ी ब्लाउज पेटीकोट, कोट काम्बेट जैकेट, टोपी बैच, कंधा बैच, व्हीसील, लेनयार्ड, वेल्ट वेब, बेल्ट लेदर मोनो सहित, थाली, स्टील, किट बाक्स, केन, लाईन बेडिग, बूट ब्रश, सिलिग वेब, निवार पलंग, नीली टोपी, कारगो पेंट, मोजा, शर्ट ग्रे फुलपंट ग्रे, टीशर्ट रेड एवं सफेद, डांगरी ओरेन्ज सभी सम्पूर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जायेगी। इच्छूक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री को देख सकेगें।

1- प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार) मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। जिस खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददार की जमा राशि वापस कर दी जावेगी ।

2- खरीददार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर संपूर्ण राशि जमा कर उसी दिन ही संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा।

3- बोली लाट में जहां है, जितना है के आधार पर स्वीकार होगी।

4- नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति के संपूर्ण अधिकार नीलामी कमेटी की होगी।

(एस. के. कठुतिया)
जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी
नगरसेना अम्बिकापुर

जी- 252606893/3

बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल में कैंपस को निशाना बनाने का जिक्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हाईकोर्ट और बलौदाबाजार जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। सुबह इस मैसेज में हाईकोर्ट परिसर को निशाना बनाने की बात लिखी गई थी। जिसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह खुद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में लिया गया। एंट्री-एग्जिट पर सख्ती बढ़ा दी गई थी। वहीं, बलौदाबाजार जिला कोर्ट को साइनाइड गैस और आरडीएक्स का इस्तेमाल कर उड़ाने की बात इमेल के जरिए की गई थी। प्रारंभिक जांच में यह ईमेल फर्जी पाया गया है।

देशभर में मिल रहीं ऐसी धमकियां, छत्तीसगढ़ भी निशाने पर

पिछले कई महीनों से देश के अलग-अलग हिस्सों में उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों को धमकी भरे ईमेल मिलते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी राजनांदगांव सहित कई जिलों के जिला न्यायालयों को इसी तरह के ईमेल मिल चुके हैं। हर बार पुलिस ने व्यापक जांच और सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन धमकी भेजने वालों की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी

फिलहाल पुलिस और साइबर टीम ईमेल के स्रोत को ट्रेस करने में जुटी है। सर्वर, आईपी एड्रेस और डिजिटल ट्रेल की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी है। जांच पूरी होने तक सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। एक महीने पहले सरगुजा, राजनांदगांव, धमतरी और जगदलपुर जिला कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। धमकी भरा ईमेल जिला कोर्ट के ईमेल एड्रेस पर भेजा गया था। यह जिला जज को मिला था। वहीं, दो महीने पहले राजनांदगांव और बिलासपुर जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस हाई अलर्ट पर थी, जिला न्यायालय परिसर सील कर दिया गया था।

नवीनीकरण नहीं होने पर माना जाएगा अवैध कब्जा: हाईकोर्ट

बिलासपुर। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने रेलवे भूमि पर कब्जा करने को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि, बिना वैध और नवीनीकृत लीज के रेलवे की जमीन पर कब्जा रखने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, केवल लीज किराया या टैक्स जमा करने पर भी कब्धाधारी का जमीन पर कानूनी अधिकार नहीं बनता है। डिवीजन बेंच ने इस आधार पर दीपचंद कछवाहा की अपील को खारिज कर दी है। दरअसल, बिलासपुर रेलवे जोनल मुख्यालय के रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाके में डेवलपमेंट का काम चल रहा है।

बेदखली कार्रवाई के खिलाफ लगाई थी याचिका

बिलासपुर स्टेशन के पास व्यावसाय करने वाले दीपचंद कछवाहा अनंता होटल परिसर में कारोबार करते थे। उन्होंने रेलवे के इस बेदखली की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी याचिका को 15 जनवरी 2026 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने निराकृत कर दिया था। राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। उनके एडवोकेट ने मामले की सुनवाई के दौरान उनका पक्ष रखा। वहीं, रेलवे की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल उपस्थित हुए। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने अपील को खारिज कर दिया है।

न्यूज गैलरी

डॉ. सीवी रमन विवि से अकांक्षा को पीएचडी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आकांक्षा विश्वकर्मा को सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह उपाधि भौतिकी विषय में अपने शोध कार्य, शीर्षक 'डिजाइन एंड एनालिसिस ऑफ कॉपर प्रिंटेड स्ट्रेचेबल एंटीना फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशन' के लिए प्राप्त की है। आकांक्षा विश्वकर्मा ने यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश तिवारी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। वर्तमान में आकांक्षा विश्वकर्मा शासकीय ई राघवेंद्र राव विज्ञान महा विद्यालय बिलासपुर में अतिथि व्याख्याता (भौतिकी) के पद पर कार्यरत हैं एवं विजय विश्वकर्मा की पत्नी हैं । वे लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं छाया विश्वकर्मा की सुपुत्री हैं। उनके परिवार एवं शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर हार्दिक हर्ष व्यक्त किया है ।

बजट में हर वर्ग के विकास का मजबूत रोडमैप: सूर्या

सीपत/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चन्द्रप्रकाश सूर्या ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ के वर्ष 2026-27 के 'संकल्प' बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की आत्मनिर्भरता, आर्थिक प्रगति और समृद्धि की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस बजट में समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर समग्र विकास का मजबूत खाका प्रस्तुत किया है। चन्द्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि इस वर्ष लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर आधारित यह बजट प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने ओ. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण विकास, सड़क और तकनीकी क्षेत्र को नई गति देने वाले दूरदर्शी प्रावधान किए गए हैं। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, वहीं बालिकाओं को 18 वर्ष पूर्ण होने पर डेढ़ लाख रुपये देने का प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सूर्या ने बताया कि 'लखपति दीदी भ्रमण योजना' के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं को धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के भ्रमण का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही महिलाओं के लिए 250 महतारी सदनों के निर्माण हेतु 75 करोड़ रुपये का प्रावधान, संपत्ति खरीद पर महिलाओं को 50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क में छूट और डेयरी समग्र विकास योजना के तहत 90 करोड़ रुपये का निवेश महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में भी बजट अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उप मुख्यमंत्री ने केमिस्ट के पद पर चयनितों को सौंपे नियुक्ति पत्र

स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रतिबद्ध: साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केमिस्ट के पद पर चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने आज नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 10 चयनितों को नियुक्ति पत्र सौंपा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी भी इस दौरान मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने नव नियुक्त केमिस्टों को संबोधित करते हुए कहा कि केमिस्टों की संख्या बढ़ने से विभागीय जल परीक्षण प्रयोगशालाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा मैदानी स्तर पर जल की गुणवत्ता की जांच में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। इन नियुक्तियों से विभाग में तकनीकी रूप से दक्ष मानव संसाधन की संख्या बढ़ी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी ने बताया कि विभाग द्वारा स्वीकृत केमिस्ट के 12 पदों पर व्यापम के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की गई थी। दस्तावेज परीक्षण में 11 अभ्यर्थी पात्र पाए गए, जबकि एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा।

पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया से युवाओं में उत्साह

श्री साव ने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के युवाओं में विश्वास और उत्साह बढ़ा है। युवाओं को उनकी मेहनत और प्रतिभा का उचित प्रतिफल मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त सभी केमिस्ट पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि जल गुणवत्ता की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली को आधुनिक एवं परिणाममुखी बनाया जाएगा।

बजट से शहर से गांव तक विकास को मिलेगी नई रफ्तार: साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज विधानसभा में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत विष्णु देव साय सरकार के तीसरे बजट को राज्य के विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला बजट बताया है। उन्होंने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम जिस संकल्प को लेकर सरकार में आए हैं, यह बजट ठीक उसी के अनुरूप है। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है और हम ही इसे संवारेंगे। छत्तीसगढ़ को संवारने का यह बजट एक-एक क्षेत्र, एक-एक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का बजट है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का यह बजट हर क्षेत्र और हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें अनेक नई योजनाओं और नवाचारी प्रावधानों को शामिल किया गया है। राज्य के शहरों को आधुनिक और सुविधासंपन्न बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना' का प्रावधान किया गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़क अधोसंरचना को नई गति देने के लिए 'द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना' भी इसमें शामिल है। इन योजनाओं से शहरी विकास और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। श्री साव ने कहा कि नया बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगा और युवाओं, किसानों, महिलाओं तथा व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्य करना नहीं, बल्कि ऐसा समावेशी विकास सुनिश्चित करना है जिससे हर नागरिक को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण सरकार का मूल संकल्प है और यह बजट उसी दिशा में एक ठोस और निर्णायक कदम है।

बजट समावेशी और दूरदर्शी सोच का परिचायक: तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ संकल्प बजट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प के अनुरूप तैयार किया गया है। यह बजट संतुलित, समावेशी और दूरदर्शी सोच का परिचायक है, जो प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हमारी सरकार मिशन मोड में कार्य करने में विश्वास रखती है। इसी उद्देश्य से पाँच मुख्यमंत्री मिशनों – मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री नवप्रारंभ (स्टार्टअप) मिशन और मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन – के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा, नई धार और नई रफ़्तार दी जाएगी। मैं इस उत्कृष्ट और जनकल्याणकारी बजट के लिए पूरे प्रदेश को हार्दिक बधाई देता हूँ।

बिलासपुर को मिली महत्वपूर्ण सौगातें

राजीव गांधी चौक से सीपत चौक फ्लाईओवर - 15 करोड़, मेलनाडीह से मस्तुरीनगर तक सड़क निर्माण - 30 करोड़, उसलापुर गीता पैलेस से अमेरी अंडरब्रिज - 4 करोड़, चकरभाटा बस्ती से धमनी पहुँच मार्ग - 2 करोड़, बिलासपुर एयरपोर्ट अधोसंरचना विकास, कैंसर इंस्टीट्यूट, बिलासपुर इन परियोजनाओं से यातायात सुगमता, क्षेत्रीय संपर्क, स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुंगेली को मिली विकास योजनाएं

फास्टरपुर-झलियापुर सड़क निर्माण - 10 करोड़, बिटकुली से भटगांव सेंवार पहुँच मार्ग - 4 करोड़। इन कार्यों से ग्रामीण संपर्क मजबूत होगा, किसानों और आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र (बिलासपुर-मुंगेली) सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। हमारा संकल्प स्पष्ट है — विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण।

होली से पहले किसानों को 10 हजार करोड़ की सौगात

28 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दबाएंगे बटन, किसानों की होगी बल्ले-बल्ले

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली से ठीक पहले प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी आर्थिक राहत का ऐलान तय हो गया है।

28 फरवरी को बिलासपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धान की अंतर राशि के रूप में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रकम सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। सरकार इस बार किश्तों की बजाय एकमुश्त भुगतान की रणनीति पर आगे बढ़ी है। पहले अंतर राशि चरणबद्ध तरीके से जारी होती रही, लेकिन इस बार एक साथ राशि जारी करने का फैसला लिया गया है। इससे प्रदेशभर के किसानों को तुरंत आर्थिक संबल मिलेगा। यह अंतर राशि धान खरीदी के वादे से जुड़ी है, जिसे राज्य सरकार हर वर्ष देने का ऐलान करती रही है। इस बार 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का संकेत दिया है। 4 मार्च को होलिका दहन है। उससे तीन-चार दिन पहले किसानों के खातों में यह रकम पहुंचने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सीधा प्रवाह बढ़ेगा। बाजार में मांग तेज होगी और त्योहार से पहले किसानों के हाथ मजबूत होंगे। प्रदेश की नजर अब 28 फरवरी पर टिकी है, जब बिलासपुर से एक क्लिक के साथ हजारों करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचेंगे।

बिलासपुर बनेगा राजनीतिक केंद्र

कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में होगा, जहां प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री और दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री मंच से सांकेतिक रूप से बटन दबाकर पूरे प्रदेश के किसानों के खातों में राशि स्थानांतरित करेंगे। प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और कार्यक्रम को लेकर समन्वय बैठकों का दौर शुरू हो चुका है।

बजट से युवाओं का सुनहरा भविष्य तय: ऋषभ

सीपत/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के 'संकल्प' बजट की जोरदार सराहना करते हुए इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के युवाओं को 'जॉब सीकर' से 'जॉब क्रिएटर' बनाने की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है, जो आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को विकास और रोजगार के नए शिखर पर पहुंचाएगा। ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2026-27 में 7,09,553 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो 12.4 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। यह आर्थिक मजबूती युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार और उद्यमिता के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने बताया कि सीजी एसीई योजना के तहत युवाओं को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

यादव समाज की भावनाओं से खिलवाड़ का आरोप 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म पर मचा बवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश, जिला बिलासपुर द्वारा प्रस्तावित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। समाज के पदाधिकारियों ने इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष के नाम कलेक्टर, बिलासपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिल्म निर्माता अंकित भदाना एवं संदीप तोमर द्वारा 27 फरवरी 2026 को 'यादव जी की लव स्टोरी' नामक फिल्म रिलीज की जा रही है। फिल्म की कहानी में एक यादव युवती एवं एक मुस्लिम युवक के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है। यादव समाज का आरोप है कि फिल्म का नाम और कथानक समाज की बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह की फिल्मों से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका रहती है और इससे पूरे देश के यादव समाज में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि फिल्म के नाम एवं विषयवस्तु से समाज की छवि को ठेस पहुंच सकती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश ने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फिल्म को जारी करने से पूर्व इसकी समीक्षा की जाए तथा आवश्यक सुधार अथवा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए। समाज ने प्रशासन एवं केंद्र सरकार से अपील की है कि समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए उचित निर्णय लिया जाए, ताकि सामाजिक सद्भाव बना रहे। इस ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष सहित समाज के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगे आंदोलनात्मक कदम भी उठाए जा सकते हैं।

सुविधा: सिम्स में बिलासपुर सहित आसपास के जिलों की महिलाओं को मिलेगी आधुनिक जांच सुविधा, समय पर पहचान से होगा बेहतर उपचार

कैंसर की जांच के लिए अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन की सुविधा जल्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) में महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच के लिए जल्द ही अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन की सुविधा शुरू होने जा रही है। इस मशीन के माध्यम से महिलाओं के स्तन में होने वाले कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में ही सटीक जांच संभव हो सकेगी। इससे बीमारी का पता समय रहते चल सकेगा और मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार स्तन कैंसर आज महिलाओं में होने वाली सबसे गंभीर और तेजी से बढ़ती बीमारियों में से एक है। कई बार महिलाओं को बीमारी के शुरुआती लक्षणों की जानकारी नहीं होती या जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण रोग का पता देर से चलता है। ऐसे में जब तक मरीज अस्पताल पहुंचती है, तब तक बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी होती है। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि सिम्स लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर की समय पर पहचान जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

मैमोग्राफी एक नजर

मैमोग्राफी क्या है: मैमोग्राफी एक प्रकार का एक्स-रे परीक्षण है, जिसका उपयोग स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए किया जाता है। इस परीक्षण में एक्स-रे की सहायता से स्तन की तस्वीरें ली जाती हैं, जिससे डॉक्टरों को स्तन में किसी भी प्रकार की असामान्यता या गांठ का पता लगाने में मदद मिलती है।

मैमोग्राफी का उपयोग: स्तन कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाने, स्तन में गांठ या असामान्यता का मूल्यांकन करने, स्तन कैंसर के उपचार की प्रभावशीलता की निगरानी करने, उच्च जोखिम वाली महिलाओं में नियमित जांच के लिए किया जाता है।

जांच की प्रक्रिया: मैमोग्राफी जांच के दौरान महिला को विशेष कपड़ा पहनने के लिए कहा जाता है और स्तन को एक विशेष प्लेट पर रखकर एक्स-रे मशीन से अलग-अलग कोणों से तस्वीरें ली जाती हैं। यह प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है और इससे स्तन में मौजूद छोटी से छोटी गांठ या बदलाव का भी पता लगाया जा सकता है।

मैमोग्राफी के लाभ: स्तन कैंसर का जल्दी पता लगाने में मदद मिलती है, समय पर उपचार शुरू किया जा सकता है, उपचार की सफलता की संभावना बढ़ जाती है, स्तन कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है।

अस्पतालों में रोज पहुंच रहे पीलिया के मरीज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में पीलिया के मामलों में बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। जिला अस्पताल और सिम्स में प्रतिदिन पांच से अधिक मरीज पीलिया जैसे लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी बड़ी संख्या में आधिकारिक मामले दर्ज नहीं हुए हैं लेकिन मौसम में बदलाव के साथ संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। सिम्स के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के अनुसार मौसम परिवर्तन के दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि कई लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं जिससे बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। आंखों या त्वचा का पीला पड़ना, लगातार कमजोरी, भूख न लगना, उल्टी या बुखार जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि पीलिया का समय पर इलाज पूरी तरह संभव है झाड़ फूंक या अंधविश्वास के भरोसे रहने के बजाय योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है। सही समय पर जांच और उपचार मिलने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है और जटिलताओं से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

'गांधी परिवार ने किया देश के साथ समझौता', पीयूष गोयल ने राहुल गांधी से पूछे तीखे सवाल

नई दिल्ली (ए.) एआई समिट की प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। इसी कड़ी में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का भी जिक्र किया।

पीयूष गोयल ने कहा, आज सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटना में पत्रकार वार्ता में बता रहे थे कि किस प्रकार से गांधी परिवार एक समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार है। राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस... समझौता और समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार हैं। उन्होंने कहा, चाहे कांग्रेस पार्टी का इतिहास देख लें, चाहे

वर्तमान देख लें, चाहे उनके भ्रष्टाचार के अलग-अलग किस्से हों... जिससे मालूम होता है कि किस प्रकार से वे विदेशी ताकतों के प्रभाव में जनहित और राष्ट्रहित के साथ समझौता करते हैं। किस प्रकार से देश और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य से पूरी तरह समझौता करते हैं। इसके अनेक उदाहरण देश और जनता के सामने हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी तो नकारात्मक राजनीतिक के पोस्टर ब्वॉय बन गए हैं। राहुल गांधी 247 बार विदेशी यात्रा पर जाते हैं, प्रोटोकॉल को नजरअंदाज करते हैं और देश के साथ समझौता करते हैं। किस प्रकार से वह सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्र लद्दाख में जाते हैं। साकिर मिराली जैसे लोग उनके साथ संबंध रखते हैं, जो भारत के खिलाफ काम करते हैं। आज पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी किस प्रकार से ओछी राजनीति कर रहे हैं। गोयल ने कहा, केवल सोनिया गांधी राहुल गांधी ने ही समझौता नहीं किया है। नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक..ये सभी लोग देश के साथ समझौता करने में पीछे नहीं हटे।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर साधा था निशाना

भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के विरोध में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर कांग्रेस ने 'किसान महाचौपाल' में राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के जरिये देश के किसानों के हितों से समझौता किया। उन्होंने कहा कि यह

समझौता चार महीने तक रुका हुआ था और कृषि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत ठप पड़ी थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने इस दौरान संबंधित मंत्रियों से कोई चर्चा नहीं की और अचानक फैसला ले लिया। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार नहीं चाहती थी कि अमेरिका की बड़ी कंपनियां सोया, कपास और मक्का जैसे कृषि उत्पाद भारत में बेचें, क्योंकि इससे भारतीय किसानों को नुकसान हो सकता था। उनके अनुसार, चार महीने तक बातचीत रुकी रही, लेकिन उनके भाषण के बाद प्रधानमंत्री ने बिना कैबिनेट से चर्चा किए अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन कर समझौते के लिए सहमति दे दी।

न्यूज गैलरी

सीएम योगी के जापान दौरे में मिले मेगा निवेश प्रस्ताव

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कारपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है।

संजय लीला भंसाली को आया अटैक

नई दिल्ली। जन्मदिन के अगले ही दिन बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली को लेकर आज एक खबर आई कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। इसके बाद निर्देशक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर्स की देख-रेख में

उनका इलाज किया जा रहा है। हालांकि, इन खबरों के फैलने के बाद अब तुरंत ही निर्देशक के परिवार की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है। जिसमें संजय लीला भंसाली के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी गई है। बुधवार को दिन में फिल्मी जगत से अचानक एक अफवाह उठी कि संजय लीला भंसाली को हार्ट अटैक आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन खबरों में ये दावा किया गया कि निर्देशक को अपने जन्मदिन वाले दिन ही दिल का दौरा पड़ा था। खबरों के तेजी से फैलने के बाद निर्देशक के परिवार की ओर से एक आधिकारिक बयान सामने आया है। इसमें हार्ट अटैक की खबरों को पूरी तरह से नकारते हुए बताया गया कि संजय लीला भंसाली सिर्फरूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। वो पूरी तरह से स्वस्थ हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। साथ ही परिवार की ओर से फैंस के प्यार और चिंता के लिए आभार भी जताया गया है। इससे पहले हार्ट अटैक की खबरों के फैलने पर मेकर्स से जुड़े करीबी सूत्र ने इन खबरों को अफवाह बताते हुए पूरी तरह से नकार दिया था।

तेल अवीव पहुंचे पीएम मोदी, एयरपोर्ट पर नेतन्याहू ने गले लगाकर किया वेलकम

तेल अवीव/एं.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की इजरायल यात्रा पर बुधवार को यहां तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पहुंचे जहां प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, औग गले लगाकर वेलकम किया। हवाई अड्डे पर पीएम मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। उनके पहुंचने पर नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इजरायल में आपका स्वागत है , मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी। बता दें कि मोदी की इजरायल की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह 2017 में इजरायल गये थे।

प्रधानमंत्री का दो दिन की यात्रा के दौरान नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी बात करेंगे। उनका इजरायल के राष्ट्रपति आइज़ैक हर्जोग से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। मोदी ने सुबह रवाना होने से पहले कहा था कि उनकी इजरायल यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा साझा विजन से दोनों देशों का भविष्य खुशहाल होगा।

इजरायली समाचार पत्रों ने मोदी की यात्रा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इजराइल के दो दिवसीय दौरे को इजरायली मीडिया ने द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक क्षण और ''रणनीतिक संबंधों को पुनर्व्यवस्थित करने'' वाला बताया है। इजरायली समाचार पत्रों ने मोदी की यात्रा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है और इसे देश के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर एक मित्र की महत्वपूर्ण यात्रा के रूप में वर्णित किया है। सरकारी अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक, यरुशलम में इस यात्रा को लेकर उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। सड़कों पर भारतीय समुदाय के लोगों को 'नमस्ते' कह कर अभिवादन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत और इजरायल के बीच मजबूत और कई तरह की रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के सालों में ज़बरदस्त बढ़ोतरी और तेज़ी देखी गई है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत का इंतज़ार कर रहा हूं, जिसका मकसद विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार तथा निवेश के साथ ही लोगों के बीच संबंधों सहित अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करना है। हम आपसी फायदे क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे।

संसद भवन की ओर जाने वाली सड़कों के किनारे भारतीय और इजरायली झंडे लगाये गए हैं और 'नेसेट' को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया है। तैयारियों में शामिल लोग आसपास मौजूद सभी भारतीयों का गर्मजोशी से अभिवादन करते और यह पूछते देखे गए कि सब कुछ ठीक तो है और सब कुछ ठीक से हो गया है?

गाजा पर बयान से सियासत तेज प्रियंका पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली। गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और भाजपा के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्राइल दौरे से पहले प्रियंका गांधी ने उनसे गाजा में कथित नरसंहार का मुद्दा उठाने और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करने की बात कही थी। इसके बाद भाजपा ने तीखा जवाब देते हुए प्रियंका पर चुनिंदा आक्रोश दिखाने का आरोप लगाया और उन्हें भारतीय राजनीति की फीमेल गजनी कहा।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत को दुनिया के सामने सच, शांति और न्याय की आवाज बनना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस्राइल की संसद में गाजा के मुद्दे का जिक्र करेंगे। प्रियंका वायनाड से सांसद हैं और उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा हमेशा शांति और मानवाधिकारों के पक्ष में रही है। भाटिया ने कहा कि संसद में फ्लस्तीन लिखे बैग के साथ जाना आसान है, लेकिन आतंकवादी हमलों की खुलकर निंदा करना कठिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति कर रही है। भाजपा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर संतुलित और स्पष्ट रुख जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिवसीय इस्राइल दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरे का मकसद रक्षा और व्यापार सहयोग को मजबूत करना बताया गया है।

भाजपा का तीखा हमला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर प्रियंका गांधी पर हमला बोला। उन्होंने 2008 की फिल्म गजनी के किरदार का हवाला देते हुए कहा कि प्रियंका को सात अक्तूबर को इस्राइल में हुए हमलों की याद नहीं है। भाटिया ने कहा कि 1200 से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्या और महिलाओं के अपहरण व अत्याचार की निंदा करने का नैतिक साहस प्रियंका में नहीं है।

एसआईआर में दसवीं का एडमिट कार्ड होगा मान्य सहायक दस्तावेज होगा, पहचान पत्र नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पहचान सत्यापन को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टता दी है। अदालत ने कहा है कि कक्षा 10 का एडमिट कार्ड, यदि पास प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत किया जाए, तो इसे सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। यह फैसला उन लाखों मतदाताओं के लिए अहम है जिनके नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया पर आपत्तियां दर्ज हैं।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू द्वारा उठाई गई शंका के बाद दिया। वकील ने पूछा था कि क्या 10वीं का एडमिट कार्ड अकेले पहचान पत्र के रूप में मान्य होगा। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि यह केवल सहायक दस्तावेज होगा, अकेला पहचान पत्र नहीं। अदालत ने अपने 24 फरवरी 2026 के आदेश में कहा कि जो दस्तावेज अब तक अपलोड नहीं हुए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी कल शाम 5 बजे तक संबंधित न्यायिक अधिकारियों को सौंपें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक यानी कक्षा 10 का एडमिट कार्ड, पास प्रमाणपत्र के साथ जन्मतिथि और अभिभावक संबंध साबित करने के लिए दिया जा सकता है।

विवादों में पड़ा बीएसएनएल के निदेशक विवेक का प्रयागराज दौरा, सात दिन में जवाब देने का नोटिस

नई दिल्ली। बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया। साथ ही यह भी कहा कि निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है।

दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50 अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे

जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था के लिखित निर्देश थे। इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया। और मामले ने तूल पकड़ लिया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निदेशक को सात दिन में जवाब देने को कहा गया है। जवाब मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है। सरकार ने यह भी कहा कि संस्थागत अनुशासन और प्रोटोकॉल का पालन सर्वोपरि है। कार्यालय आदेश के अनुसार विवेक बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे।

रात में डेढ़ बजे तक ऑनलाइन थे मानवेंद्र, आखिर क्या छिपा रहे घरवाले?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना सेक्टर एल में पैथोलॉजी संचालक मानवेंद्र सिंह (49) की हत्या के मामले में नई-नई जानकारी सामने आ रही है, जिससे रहस्य और गहरा गया है। यह वारदात 20 फरवरी की सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई थी। उस समय मानवेंद्र के भाई अरविंद की पत्नी दूसरे तल पर बच्चों के साथ सो रही थीं। अक्षत ने इसी दौरान अपने पिता को गोली मार दी। हालांकि, परिजनों का कहना है कि उन्हें गोली चलने की कोई आवाज सुनाई नहीं दी।

मानवेंद्र के भाई अरविंद ने बताया कि परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें कुछ पता नहीं चला।

परिजनों के इस बयान से पुलिस को संदेह हो रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मानवेंद्र अपने बेटे और बेटी के साथ एक ही कमरे में सोते थे। यह तथ्य भी मामले को और उलझा रहा है। सवाल ये है कि आखिर परिजन क्या छिपा रहे हैं। उधर, अरविंद ने बताया कि 12 से 22 फरवरी तक वह छुट्टी लेकर घर बनवाने जालौन गए थे। घटना की जानकारी पाकर वह लखनऊ पहुंचे। दोस्त मुकुल ने बताया कि 19 फरवरी को उनकी मुलाकात मानवेंद्र से हुई थी। दोस्त धर्मेंद्र ने बताया कि 19 की रात में मानवेंद्र एक बजकर 34 मिनट तक ऑनलाइन थे।

अक्षत ने बनाया था व्हाट्सएप ग्रुप

परिजनों और मानवेंद्र के दोस्तों को गुमराह करने के लिए अक्षत ने पिता के लापता होने की अफवाह उड़ाई। व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया। इसमें मानवेंद्र के दोस्तों को जोड़ा। ग्रुप में वह लिखता रहा, 'पापा, आप कहां हो। प्लीज वापस आ जाओ... कृति और मैं आपको मिस कर रहे हैं।' किसी को शक न हो, इसके लिए अक्षत मानवेंद्र के दोस्तों के साथ पिता की तलाश का नाटक करता रहा। सूत्रों का कहना है कि अक्षत ने ग्रुप इसलिए बनाया था कि उसे सारी गतिविधियों की जानकारी हो सके।

दीवार को पेंट कर साफ की खून की छींटें

मानवेंद्र के सिर में गोली लगने से चारों तरफ खून बिखर गया था। छींटे दीवारों पर लग गए थे, जिन्हें साफ करने के लिए अक्षत पेंट खरीद कर लाया और दीवार पेंट किया। इस मामले में मानवेंद्र के पिता से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बुधवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया।

ऑल-न्यू निसान ग्रेविट को 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। शिवा निसान ने ऑल-न्यू निसान ग्रेविट को 5.65 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की। एक दमदार और क्रांतिकारी 7-सीटर एमपीवी, ग्रेविट निसान के भारत सफर में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

भारत से प्रेरित, भारत में निर्मित, भारत के लिए निर्मित, ग्रेविट निसान मोटर इंडिया के नए उत्पाद अभियान के तहत लॉन्च होने वाला पहला उत्पाद है - जो भारत में कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता और उपस्थिति को रेखांकित करता है। "ग्रेविट" नाम 1.4 अरब भारतीयों और 19,000 स्थानीय भाषाओं और रीति-रिवाजों से प्रेरित है जो देश

की विविधता को आकार देते हैं। ग्रेविट को भारतीय परिवारों की बदलती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाया गया है। यह दमदार उपस्थिति के साथ जगह, बहुमुखी प्रतिभा, आराम और रोजमर्रा की व्यावहारिकता का संयोजन करता है। ऑल-न्यू निसान ग्रेविट निसान की वैश्विक डिज़ाइन भाषा के अनुरूप एक विशिष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण पहचान स्थापित करती है। इसके ऊंचे अनुपात, मस्कुलर बॉडी लाइन्स, उभरे हुए व्हील आर्च और उच्च ग्राउंड क्लीयरेंस इसे एक दमदार रोड प्रेजेंस प्रदान करते हैं, जो भारत की विभिन्न ड्राइविंग स्थितियों के लिए उपयुक्त है। ग्रेविट अपने सेगमेंट में एकमात्र वाहन है जिसमें विशिष्ट हुड ब्रांडिंग के साथ-साथ अद्वितीय रियरडोर बैजिंग भी है - एक बोल्ड डिज़ाइन अभिव्यक्ति जो विशिष्टता और मजबूत दृश्य स्मृति को मजबूत करती है। इसकी पहचान का केंद्र निसान का सिग्नेचर सी-आकार का डिज़ाइन है जो आगे और पीछे एकीकृत है, जो तत्काल ब्रांड पहचान सुनिश्चित करता है और साथ ही एक प्रीमियम, समकालीन चरित्र प्रदान करता है।

विश्व प्रोटीन दिवसः हर पोषण लक्ष्य के लिए 'प्रोटीन सप्ताह' मनाया जा रहा

बेंगलुरु। Amazon.in ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने "प्रोटीन सप्ताह" की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांटऔर यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45% तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। चाहे आप प्रोफेशनल एथलीट होंया फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले उत्साही व्यक्ति, Amazon.in ने हरतरह के फिटनेस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष चयन तैयार किया है। वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध व्हे आइसोलेट्स और ऑप्टिमम न्यूट्रिशन गोल्ड स्टैंडर्ड व्हे प्रोटीन जैसे लोकप्रिय ब्लेंड्स से लेकर विशेष रूप से तैयार मास गेनर्स तक, ग्राहक अपने हरफिटनेस लक्ष्य के अनुसार उत्पादों की विस्तृत रेंज खोज सकते हैं। Amazon.in पारंपरिकपाउडर से लेकर आसान मेल्ट्स, प्लांट-बेस्ड विकल्पों और विटामिन गमीज़ जैसे विभिन्नफॉर्मेट्स में पोषण को अधिक सुलभ बनाकर नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में पहुंची आकर्षि

नई दिल्ली। भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज आकर्षी कश्यप ने क्वालीफायर मुकाबले में चीनी ताइपे की ली यू-ह्सुआन को 21-10, 21-15 से एकतरफा अंदाज में हराया। मुकाबला पूरी तरह आकर्षी के नियंत्रण में रहा। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना एक अन्य चीनी ताइपे खिलाड़ी हुआंग यू-ह्सुन से होगा। भारत के दिग्गज शटलर किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी भाग ले रहे हैं।

नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम, याचिका खारिज

मुंबई। 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है।

पीटीआई के मुताबिक, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा 'रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को

देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है। इसलिए, इसका नाम बदला जाना चाहिए। हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी फिल्म का टाइटल समुदाय को गलत तरीके से कैसे दिखा सकता है। फिल्म के टाइटल में कहीं भी ऐसा कोई शब्द नहीं है, जो यादव समुदाय को गलत तरीके से दिखाए।'

एनएमडीसी और आईआईटी हैदराबाद के बीच शैक्षणिक-अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने एमओयू

हैदराबाद/नवप्रदेश। जिम्मेवार खनिक एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्रने भारत के खनिज और धातु क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद (आईआईटीएच) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। खनिज प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक (आरएंडडी) श्री संजीव साही और आईआईटी हैदराबाद के डीन (प्रायोजित अनुसंधान और परामर्श) ने आईआईटी हैदराबाद के निदेशक प्रो. बी. एस. मूर्ति की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

यह साझेदारी फील्ड की विशेषज्ञता और अकादमिक उत्कृष्टता के बीच एक मजबूत सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। एनएमडीसी और आईआईटी हैदराबाद एक साथ मिलकर लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और एग्लोमेरेशन, हरित इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकियों, स्वदेशी कच्चे माल का उपयोग करके वैकल्पिक लौह निर्माण, और खनन और धातुकर्म प्रक्रियाओं के उन्नत मॉडलिंग और सिमुलेशन में अनुसंधान को आगे बढ़ाएंगे। यह सहयोग प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों से महत्वपूर्ण और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के उत्खनन में नए रास्ते भी बनाएगा, जिससे भारत की खनिज सुरक्षा और संसाधन उपलब्धता सुदृढ होगी। खनन क्षेत्र में तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के साथ सरेखित, एमओयू स्वायत्त वाहन चालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफथिंग्स (आईओटी), माइनिंग 4.0 फ्रेमवर्क और ड्रोन-सक्षम सर्वेक्षण और निगरानी में अनुसंधान और पायलट पहलों को चलाएगा। परिचालन शक्ति को अनुसंधान-संचालित नवाचार के साथ एकीकृत करके, गठजोड़ का उद्देश्य टिकाऊ, प्रौद्योगिकी-चालित समाधान प्रदान करना है जो भारत के विकासशील खनिज परिदृश्य में दक्षता, उत्पादकता और पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ाता है।

श्री अमिताभ मुखर्जी,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने समझौता ज्ञापन संपन्न होने के अवसर पर कहा, ÷आईआईटी हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन उद्योग-अकादमिक गठजोड़ नवाचार के प्रति एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईआईटी हैदराबाद की अनुसंधान उत्कृष्टता और एनएमडीसी की डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, यह साझेदारी खनन, खनिज प्रसंस्करण और उभरते क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाएगी, जो सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान देगी। यह साझेदारी नवाचार-संचालित विकास के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता और अनुसंधान को प्रभावशाली औद्योगिक अनुप्रयोगों में बदलने में आईआईटी हैदराबाद की भूमिका को रेखांकित करती है। दोनो संस्थान साथ मिलकरआत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विज़न में योगदान देंगे। विशेष रूप से, यह सहयोग एक ऐतिहासिक क्षण में आया है क्योंकि एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने भारत के खनिज विकास के इतिहास में समर्पित योगदान के 50 वर्ष पूरे किए हैं, जो अनुसंधान में उत्कृष्टता की अपनी विरासत और तकनीकी उन्नति के अपने निरंतर प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।

न्यूज गैलरी

ओवरब्रिज के नीचे 30 साल से बसे परिवारों को रेलवे का नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के नीचे करीब 30 साल से रह रहे 30 से ज्यादा परिवारों को बिना व्यवस्थापन के खदेड़ने की नोटिस दे दी गई है। परिवारवालों का आरोप है कि रेलवे और प्रशासन की लापरवाही की वजह से अब उन्हें सड़क पर गुजारा करना पड़ेगा। प्रशासन और निगम की ओर से अभी तक उनका व्यवस्थापन नहीं किया जा रहा है और न ही कोई कोशिश हो रही है। इससे नाराज लोगों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट का घेराव किया। परिवार के लोग अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। विधानसभा में बजट सत्र होने की वजह से कलेक्टोरेट में अफसर नहीं थे। इस वजह से लोग और नाराज हुए। लोग कई देर तक कलेक्टोरेट परिसर में ही डटे रहे। लोगों ने बताया कि वे पिछले 30 साल से बिना किसी विवाद के सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के नीचे रह रहे थे। इन परिवारों को हाल ही में रेलवे प्रशासन ने हटने के लिए नोटिस जारी किया है।

राशन दुकान में अनियमितता मिली, नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। राशन दुकानों की जांच लगातार जारी है। चंदनीडीह राशन दुकान में स्टॉक रजिस्टर मेंटेन नहीं होने पर कलेक्टर ने दुकान को निलंबित कर दिया था। इसके बाद जहां से लोगों की शिकायतें मिल रही हैं उन राशन दुकानों की जांच करने के आदेश दिए थे। इसके बाद अफसरों ने कई मोहल्लों की राशन दुकानों की जांच की है। इसी कड़ी में निगम उपायुक्त अंजली शर्मा ने तिवरैया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच की। निरीक्षण के दौरान दुकान में वितरण व्यवस्था, स्टॉक स्थिति एवं रिकॉर्ड संधारण की जांच की गई। दुकान में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

रिक्शे के इंतजार में खड़ी महिला को ऑटो ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के आदर्श नगर की गली में सोमवार सुबह एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 7 बजे हुई, जब मृतिका रेखा आडिल (57) ऑटो रिक्शा की तलाश में खड़ी थी। तभी लाल रंग के तीन पहिया मालवाहक ऑटो सीजी 04 क्यूके 6956 के चालक ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में रेखा के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार महिला सुबह अपने काम के सिलसिले में ऑटो की तलाश कर रही थी। थाना पंडरी में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

मोर-बिजली एप अपडेट करने के लिए मांगा ओटीपी और ठग लिए पांच लाख

रायपुर/नवप्रदेश। मकान की बिजली काटने और मोर बिजली एप अपडेट करने का झांसा देकर युवक से करीब 5 लाख की ऑनलाइन ठगी की गई है। पुलिस के मुताबिक करण देवांगन के पास 22 फरवरी को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका मोर बिजली एप अपडेट नहीं है। इस कारण उनकी बिजली सप्लाई बंद हो सकती है। आरोपी ने भरोसे में लेकर एप अपडेट करने के लिए ओटीपी मंगवाया। कुछ ही देर में करण के मोबाइल पर ओटीपी आया, जिसे उन्होंने कॉलर को बता दिया। ओटीपी मिलते ही ठगों ने करण के बैंक खाते से किश्तों में 4 लाख 95 हजार रुपए निकाल लिए। जब खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। उसने तुरंत बैंक से संपर्क कर खाते को फ्रीज कराया।

तस्करों पर कार्रवाई: एमडी ड्रग्स-डोडा के साथ राजस्थान का युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में एमडी ड्रग्स और डोडा के साथ राजस्थान के अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने शहीद राजीव पाण्डेय नगर में कार्रवाई करते हुए युवक को मादक पदार्थों के साथ पकड़ा। गिरफ्तार युवक विकास सिहार (21), राजस्थान फ्लौद जिले का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से 8 ग्राम एमडी ड्रग्स, 531 ग्राम डोडा फ्ल, 16 ग्राम डोडा पाउडर जब्त किया गया। नशे की सामग्री की कीमत 2 लाख रुपए आंकि गई है। पुलिस अब आरोपी के नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

आम जनता को जाम से राहत दिलाने डूंडा में हटाया अवैध कब्जा

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में अवैध प्लाटिंग पर रोजाना बुलडोजर चलाया जा रहा है। दो से तीन दिन में डूंडा से 50 करोड़ से ज्यादा की जमीन से अवैध कब्जे हटाए जा चुके हैं। करीब 26 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। इस जमीन को रायपुर विकास प्राधिकरण को सौंपा गया है। टीम प्रहरी ने अभी 329 जगहों से अवैध प्लाटिंग को खत्म किया है। इतना ही नहीं 675 जगहों से अतिक्रमण हटाने और बेवजह की दुकानों और निर्माणों को तोड़ा गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों से अभी तक 65 लाख की वसूली की जा चुकी है। इधर, शहर के ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए टीम प्रहरी की टीम रोजाना कार्रवाई करने सड़कों पर उतर रही है।

बजट में प्रदेश के अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता, ट्रैफिक दबाव कम होगा

ट्रैफिक सुधार के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स, कई फ्लाईओवर और सड़कों को मिली मंजूरी

ओपी चौधरी ने 'संकल्प' थीम पर सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 24 फरवरी को 1.72 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। ओपी चौधरी ने 'संकल्प' थीम पर सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी।

विष्णु देव साय ने बजट को जनकल्याण और विकास को समर्पित बताते हुए कहा कि यह किसानों, महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों के सशक्तिकरण के साथ छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में अहम कदम है। बजट में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित अन्य शहरों में पुल, फ्लाईओवर और सड़कों के चौड़ीकरण के लिए 9,451 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राजधानी रायपुर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए विशेष पैकेज के तहत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल की गई हैं।

राजधानी में ट्रैफिक सुधार पर फोकस

वित्त मंत्री ने कहा कि रायपुर प्रदेश की राजधानी होने के कारण शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना बड़ी चुनौती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए फ्लाईओवर, सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

इन स्थानों पर होंगे निर्माण कार्य

- मोवा से सेड़ीखेड़ी सड़क निर्माण - 100 करोड़ रुपए
- लाभांडी से सड्डू मार्ग -100 करोड़ रुपए
- भनपुरी चौक फ्लाईओवर-20 करोड़ रुपए
- मोवा से दलदल सिवनी ब्रिज तक सड़क - 8 करोड़ रुपए
- शारदा चौक से तात्यापारा चौक फ्लाईओवर - 10 करोड़ रुपए
- वीआईपी रोड पर श्रीराम मंदिर के पास फुटओवर ब्रिज - 7 करोड़ रुपए
- अशोका रतन से कोया कचना के बीच वृहद पुल - 8 करोड़ रुपए

न्याय शुल्क, स्टाम्प और टिकट व्यवस्था पर अधिवक्ता संघ का विरोध, पुनर्विचार की मांग

छुईखदान/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ छुईखदान ने उप कोषालयों से न्याय शुल्क स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट विक्रय बंद करने के राज्य शासन के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में संघ ने माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासन के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

अधिवक्ता संघ ने पत्र में उल्लेख किया है कि संचालनालय कोष एवं लेखा, छत्तीसगढ़ द्वारा 11 फरवरी 2026 को जारी पत्र के अनुसार जिला कोषालयों से सुरक्षा की दृष्टि से स्टाम्प विक्रय बंद कर तहसील स्तर पर न्याय शुल्क स्टाम्प एवं टिकट की उपलब्धता समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के चलते अब तहसील स्तर के अर्जीनवीशों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालय पर निर्भर होना पड़ेगा। संघ का कहना है कि इससे वादकारियों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ के साथ-साथ समय की भी अनावश्यक हानि होगी। साथ ही अधिवक्ताओं के कार्य में भी बाधा उत्पन्न होगी, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि तहसील स्तर पर यह सुविधा समाप्त की जाती है, तो अधिवक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आंदोलन के लिए विवश होना पड़ सकता है। अधिवक्ता संघ छुईखदान ने शासन से आग्रह किया है कि उक्त आदेश को वापस लेते हुए तहसील स्तर पर ही स्टाम्प, न्याय शुल्क स्टाम्प एवं न्याय शुल्क टिकट की व्यवस्था यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आम जनता और अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राजस्व मंत्री तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को भी भेजी गई है। पत्र पर दिनांक 25 फरवरी 2026 अंकित है और इसे अधिवक्ता संघ छुईखदान एवं समस्त अधिवक्ताओं की ओर से प्रेषित किया गया है।

अचानक अस्पताल पहुंचे कलेक्टर गंदगी देख भड़के, वेतन वृद्धि रोकी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रशासनिक कसावट और स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एक्शन मोड में नजर आए। जिला चिकित्सालय पंडरी समेत विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण से महकमे में हड़कंप मच गया। जहां कमी मिली, वहीं मौके पर निर्देश और कार्रवाई की गई।

कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड, स्टोर रूम, - दवा भंडार और ई-कोर्ट कक्ष का निरीक्षण किया। रिसेप्शन की एक टेबल पर धूल की मोटी परत मिलने पर उन्होंने प्रबंधन को फटकार लगाई और साफ-सफाई में लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। मरीजों से फीडबैक लेकर व्यवस्थाएं सुधारने पर जोर दिया। मुख्य द्वार पर हेल्प डेस्क और रिसेप्शन पर पर्याप्त स्टाफ तैनात करने को कहा, ताकि मरीजों को भटकना न पड़े।

स्टॉक रजिस्टर का मिलान कर एक्सपायर्ड दवाओं के नियमानुसार निष्पादन और टूटी खिड़की की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। लू की आशंका के मद्देनजर बाथ टब, बर्फ मशीन, ओआरएस और ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जीवनदीप समिति के कर्मचारी की वेतन वृद्धि रोकी गई, सिविल सर्जन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

नाले में गिरी स्कूल बस, एक बच्चे की मौत, 13 घायल

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बुधवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। जब एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई और 13 से अधिक स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल स्कूली बच्चों को डौंडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। यह घटना डौंडी थाना क्षेत्र के मरारटोला गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, आजाद पब्लिक स्कूल के 15 से अधिक बच्चे छुट्टी होने के बाद फोर्स वाहन में बैठकर जा रहे थे। इसी बीच मरारटोला गांव के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं बाकियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

जगरगुड़ा बनेगा 'एजुकेशन सिटी': बस्तर के भविष्य को नई दिशा: अरुण सिंह भदौरिया

युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे

सुकमा/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य के बजट 2026-27 में सुकमा जिले के जगरगुड़ा को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि जगरगुड़ा जैसे दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एजुकेशन सिटी की स्थापना का निर्णय बस्तर अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

प्रस्तावित एजुकेशन सिटी के अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि यह पहल न केवल शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। शिक्षा संस्थानों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में जगरगुड़ा को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की घोषणा इस प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

उन्होंने प्रदेश सरकार एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय सुकमा जिले के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है, जो आने वाले वर्षों में शिक्षा, शांति और रोजगार के नए आयाम स्थापित करेगा।

दशहरा मैदान को संवारने की कवायद, महापौर मीनल ने विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया

10 नए हाईमास्ट से जगमग होगा रावणभाठा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रावणभाठा दशहरा मैदान में अब रात्रिकालीन गतिविधियां और अधिक सुगम हो सकेंगी। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा अधोसंरचना मद के अंतर्गत मैदान परिसर में 10 नए हाईमास्ट लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन हाईमास्ट की स्थापना से ऐतिहासिक दशहरा मैदान रोशनी से जगमगाएगा और यहां धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद संबंधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा सकेंगे।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने एमआईसी सदस्य एवं दशहरा मैदान उत्सव समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, निगम विद्युत विभाग अध्यक्ष श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, संबंधित पार्षदों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। महापौर ने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर इस विकास कार्य की शुरुआत की।

कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती अंजली गोलछा जैन, रमेश सपहा, प्रमोद कुमार साहू सहित उत्सव समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर निगम विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता संदीप शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे।

महापौर श्रीमती चौबे ने कहा कि हाईमास्ट लगने से मैदान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे रात्रि के समय आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सकेंगे। वहीं एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने समस्त नागरिकों की ओर से महापौर, विद्युत विभाग अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

15 हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़ा प्राचार्य

■ विकलांग व्याख्याता से वेतन पास करवाने के लिए मांगे थे पैसे

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में ACB ने रिश्वत लेते हुए प्राचार्य को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि, प्राचार्य ने विकलांग व्याख्याता से रुका हुआ वेतन पास करने के लिए 15 हजार की मांग की थी। जिसके बाद ACB ने ट्रैप बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 यथासंशोधित अधिनियम 2018 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी खेमेश्वर डांडे, निवासी मोपका, भाटापारा द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसके पिता विजय कुमार डांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं। वे वर्ष 2017-18 में दुर्घटना के वजह से विकलांग हो गये थे। विकलांगता के बावजूद वह विद्यालय लगातार जाते थे। लेकिन प्राचार्य आर.एन. बया द्वारा प्रतिमाह वेतन निकालने में आना-कानी एवं प्रताड़ित किया जाता था। उस दौरान निवेदन करने पर प्रतिमाह 10,000 रूपये जबरदस्ती रिश्वत लेकर वेतन आहरण प्राचार्य आर.एन. बया द्वारा किया जाता था। कई बार यह पैसा आरोपी द्वारा अपने बैंक एकाउंट में भी लिया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com